दैनिक
# बुलन्द मंज़िल
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)
PRGI NO. - UPBIL/25/A4797
उ.प्र. के जनपद सम्भल से प्रकाशित...
बरेली मण्डल व मुरादाबाद मण्डल के जनपद अमरोहा, रामपुर, बिजनौर से प्रसारित...
वर्ष : 01 | अंक : 111 | संभल, शुक्रवार 03 अप्रैल 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य: 05/-रू.

आवश्यकता है
मेरठ, हापुड़, बरेली, गाज़ियाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ आदि शहरो में जनपद स्तर, तहसील स्तर, ब्लॉक स्तर पर पत्रकारों की आवश्यकता है।
सम्पर्क सूत्र
मोब.- 8630704122

पेज :- 03- महानगर के 9 मंडलों में मन की बात , डॉ श्यामा प्रसाद...
पेज :- 04- रोटरी क्लब हापुड़ के नवनियुक्त अध्यक्ष मुस्लिम कुरैशी..

स्थापना दिवस पर बोले सीएम योगी

## राष्ट्रीय चेतना को मजबूत करने में आकाशवाणी की ऐतिहासिक भूमिका



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को आकाशवाणी के लखनऊ केंद्र के 89वें स्थापना दिवस पर समाज को जोड़ने, भाषाई विविधता को बनाए रखने और राष्ट्रीय चेतना को मजबूत करने में आकाशवाणी की ऐतिहासिक भूमिका की तारीफ की। मुख्यमंत्री ने आकाशवाणी लखनऊ के 89वें स्थापना दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक समारोह में अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए कहा कि स्मार्टफोन, टेलीविजन और बड़े पैमाने पर टेलीफोन कनेक्टिविटी से रहित उस युग में रेडियो जानकारी और प्रेरणा का मुख्य स्रोत था। उन्होंने कहा, ₹हमने जो पहली आवाज सुनी वह आकाशवाणी की थी। इसकी सुबह की सिग्नेचर ट्यून और प्रोग्राम हर घर को जोड़ते थे और समाचार प्रसार में भाषाई शुद्धता और विश्वसनीयता दोनों दिखाते थे।₹ आदित्यनाथ ने कहा, ₹मैंने बचपन से देखा कि समाज को जोड़ने का माध्यम आकाशवाणी बनी, भारत की आस्था को सम्मान देने वाला माध्यम भी आकाशवाणी थी। जब बड़े हुए तो देश-दुनिया में क्या चल रहा है, उसकी जानकारी भी आकाशवाणी से ही मिलती थी। सबसे बड़ी बात उसमे भाषा की शुद्धता भी थी और सत्यता भी।₹ मुख्यमंत्री ने भारत की विभिन्न भाषाओं और बोलियां को आगे बढ़ाने में आकाशवाणी की भूमिका का जिक्र करते हुए कहा कि हिंदी की उपभाषाओं और बोलियों, जैसे भोजपुरी, अवधी, गढ़वाली और कुमाऊनी को कैसे स्थानीय लोगों को जोड़ने का माध्यम बनाएं और उसको कैसे लोकप्रिय बनाए जाएं, यह भी आकाशवाणी के माध्यम से ही सुनने को देखने को अवसर प्राप्त होता था। उन्होंने कहा कि यह केवल मनोरंजन नहीं था, ज्ञानवर्धन भी था, आस्था का सम्मान भी था और साथ-साथ स्थानीय लोक भाषा, लोक कला के लिए मंच का एक सशक्त माध्यम भी था। आदित्यनाथ ने कहा कि साल 1938 में जब यह देश आजाद नहीं हुआ था,तब पहली धुन वंदे मातरम की आकाशवाणी लखनऊ से प्रसारित हुई थी।

## मिडिल ईस्ट तनाव के बीच सरकार का बड़ा फैसला, पेट्रोकेमिकल उत्पादों से हटाई कस्टम ड्यूटी



**नईदिल्ली।** सरकार ने पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित करने और अंतिम उत्पादों के उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन उत्पादों के आयात पर सीमा शुल्क से छूट दे दी है।यह छूट 30 जून तक लागू रहेगी और इससे प्लास्टिक, पैकेजिंग, वस्त्र, दवा, रसायन, मोटर वाहन घटक तथा अन्य विनिर्माण क्षेत्रों जैसे पेट्रोरसायन फीडस्टॉक और इंटरमीडिएट पर निर्भर उद्योगों को लाभ मिलेगा। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और उससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न व्यवधान को देखते हुए सरकार ने महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन उत्पादों पर पूर्ण सीमा शुल्क छूट देने का फैसला किया है। मंत्रालय ने कहा कि यह कदम एक अस्थायी एवं लक्षित राहत उपाय के रूप में उठाया गया है, ताकि घरेलू उद्योग के लिए आवश्यक पेट्रोरसायन आपूर्ति की उपलब्धता बनी रहे, श्डाउनस्ट्रीमश क्षेत्रों पर लागत का दबाव कम हो और देश में आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। इससे अंतिम उत्पादों के उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी। मेथनॉल, एनहाइड्रस अमोनिया, टॉलुइन, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमिथेन (मेथिलीन क्लोराइड), विनाइल क्लोराइड मोनोमर, पॉली ब्यूटाडाइन, स्टाइरीन ब्यूटाडाइन और अनसैचुरेटेड पॉलिएस्टर रेजिन को सीमा शुल्क छूट दी गई है। पश्चिम एशिया युद्ध के कारण शिपिंग मार्गों में व्यवधान से उर्वरक, कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के आयात को लेकर चिंता बढ़ गई है।

### सार संक्षेप

#### पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में बम की धमकी, परिसर खाली करवाया

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट परिसर में बृहस्पतिवार को बम धमकी मिलने के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, चंडीगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कार्यालय को एक ईमेल भेजा गया, जिसमें हाईकोर्ट के भीतर बम लगाए जाने की चेतावनी दी गई थी। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और परिसर को खाली कराना शुरू किया। इस दौरान आसपास के क्षेत्र में यातायात प्रभावित हुआ। बम निरोधक दस्ते और स्निफर डॉग्स भी मौके पर पहुंचे और तलाशी अभियान शुरू किया। यह धमकी ठीक एक दिन बाद आई है, जब सेक्टर-37 स्थित पंजाब भाजपा कार्यालय के बाहर ग्रेनेड हमला हुआ था। इससे पहले भी ऐसे मामले सामने आ चुके हैं। पिछले साल मई में हाईकोर्ट रजिस्ट्रार कार्यालय को धमकी भरा ईमेल मिला था और इसी साल फरवरी में जिला अदालत को भी इसी तरह की धमकी दी गई थी। अधिकारियों ने ईमेल के स्रोत की जांच शुरू कर दी है और अदालत परिसरों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

राज्यसभा में सपा सांसद ने की मांग

#### बौद्ध धर्म के अनुयायियों को सौंपा जाए महाबोधि मंदिर का प्रबंधन

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन ने बृहस्पतिवार को बिहार के बोध गया स्थित महाबोधि मंदिर के प्रबंधन का मुद्दा उठाते हुए मांग की कि इसका नियंत्रण बौद्ध धर्म के अनुयायियों को सौंपा जाए। उच्च सदन में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए सुमन ने कहा कि महाबोधि मंदिर अंतरराष्ट्रीय महत्व का स्थल है और यह वही स्थान माना जाता है जहां गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इसे विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त है और लगभग 55 करोड़ लोग यानी दुनिया की लगभग सात प्रतिशत आबादी बौद्ध धर्म का पालन करती है। अन्य धार्मिक संस्थानों के प्रबंधन का उदाहरण देते हुए उन्होंने सवाल किया, ष्क्या अयोध्या मंदिर की प्रबंधन समिति में कोई मुस्लिम, सिख या ईसाई सदस्य है? उन्होंने कहा कि आम तौर पर धार्मिक स्थलों का प्रबंधन उसी धर्म के लोगों को सौंपा जाता है और यही सिद्धांत महाबोधि मंदिर पर भी लागू होना चाहिए। सपा सदस्य सुमन ने मंदिर के वित्तीय प्रबंधन पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मंदिर को खासा राजस्व मिलता है, लेकिन इसके उपयोग और प्रबंधन को लेकर सवाल उठते रहे हैं।

अमित शाह का बड़ा ऐलान

## 15 दिनों तक बंगाल में रहकर संभालूंगा चुनावी कमान



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 से ठीक पहले राजनीतिक सरगर्मी चरम पर है। चुनाव में सत्तारूढ़ टीएमसी और मुख्य विपक्षी दल भाजपा के बीच सीधे टक्कर देखने को मिली रही है। इसी क्रम में शुभेंदु अधिकारी के नामांकन में नंदीग्राम पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के ललकारते हुए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने घोषणा की कि वह आगामी 15 दिनों तक लगातार पश्चिम बंगाल में ही रहकर चुनावी कमान संभालेंगे। गुरुवार को अमित शाह कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैं बंगाल चुनाव में 15 दिन तक बंगाल में ही रहने वाला हूं। मैं यहां खासतौर पर शुभेंदु अधिकारी के नामांकन के लिए आया हूं। शुभेंदु की जीत बंगाल में परिवर्तन की नींव रखेगी। अमित शाह ने ममता बनर्जी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि पिछली बार दीदी नंदीग्राम में हार गई थीं और इस बार वह भवानीपुर के साथ-साथ पूरे बंगाल को खो देंगी। उन्होंने कहा कि शुभेंदु अधिकारी का नामांकन बंगाल में टीएमसी के पतन की शुरूआत है। शाह ने जोर देकर कहा कि नंदीग्राम की जनता इस बार फिर से इतिहास दोहराएगी और ममता बनर्जी को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी।

उन्होंने दावा करते हुए कहा कि मैंने पूरे बंगाल का दौरा किया है और जहां भी जाता हूं, वहां एक ही आवाज गूंज रही है- ममता बनर्जी को बाय-बाय कर दो। चुनाव से पहले ही बंगाल का दौरा करें, जहां भी जाएं, हर जगह यही आवाज सुनाई दे रही है कि सरकार को विदा कर दो और ममता बनर्जी को बाय-बाय कह दो। गृह मंत्री ने बंगाल की ज्वलंत समस्याओं को उठाते हुए कहा कि बंगाल की जनता टीएमसी की टोलबाजी और गुंडागर्दी से पूरी तरह त्रस्त है.आए दिन हो रहे बम धमाकों और बेरोजगारी से युवा परेशान हैं। राज्य में आए दिन होने वाले बम धमाकों ने सुरक्षा व्यवस्था को तार-तार कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार ने घुसपैठियों को संरक्षण दिया है, जिससे राज्य की डेमोग्राफी बदल रही है। शाह ने युवाओं से वादा किया कि भाजपा सरकार आने पर बेरोजगारी को खत्म किया जाएगा और विकास की नई लहर लाई जाएगी, ताकि बंगाल फिर से अपनी पुरानी पहचान पा सके।

## राघव चड्ढा पर गिरी गाज, आप ने राज्यसभा में उपनेता के पद से हटाया

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने संगठन में बड़ा फेरबदल करते हुए राज्यसभा में अपने उप नेता पद से राघव चड्ढा को हटा दिया है। इस संबंध में पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को आधिकारिक पत्र भेजकर जानकारी दी है। साथ ही, पार्टी ने यह भी स्पष्ट किया है कि अब संसद में राघव चड्ढा को बोलने के लिए समय आवंटित न किया जाए। उनकी जगह पंजाब से राज्यसभा सांसद डॉ. अशोक मित्तल को नया उप नेता नियुक्त किया गया है। पिछले कुछ समय से राघव चड्ढा और पार्टी नेतृत्व के बीच मतभेदों की खबरें सामने आ रही थीं। हालांकि, ।।च्की ओर से किसी भी तरह के विवाद या अलगाव को लेकर कोई औपचारिक बयान नहीं दिया गया है, लेकिन इस फैसले को इन अटकलों से जोड़कर देखा जा रहा है। राज्यसभा में ।।च्के कुल 10 सदस्य हैं, जिनमें से सात पंजाब और तीन दिल्ली से हैं। राघव चड्ढा पार्टी के शुरूआती दिनों से ही जुड़े रहे हैं और उन्होंने 2012 में अरविंद केजरीवाल के साथ अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत की थी। पार्टी में उनकी भूमिका लगातार मजबूत होती गई-वे राष्ट्रीय प्रवक्ता बने और 2015 में दिल्ली में आप की जीत के बाद सबसे कम उम्र के कोषाध्यक्ष भी बने। हालांकि, 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्हें दक्षिण दिल्ली सीट से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन 2020 में उन्होंने राजेंद्र नगर से विधानसभा चुनाव जीतकर वापसी की। साल 2022 में वे 33 वर्ष की उम्र में राज्यसभा के सबसे युवा सांसद बने और पार्टी के संसदीय कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। 2023 में उन्हें संजय सिंह की जगह राज्यसभा में पार्टी का नेता बनाया गया था।

## असम विधान सभा चुनाव में कांग्रेस ने झोंकी ताकत, जारी किया चुनावी घोषणा पत्र, महिलाओं को 50 हजार देने का ऐलान!

**नईदिल्ली।** असम विधानसभा की 126 सदस्यीय सीट के लिए 9 अप्रैल को मतदान होगा। ऐसे में कांग्रेस पार्टी और भाजपा दोनो प्रचार में पूरी तकत झोक दी है। इसी कड़ी में कांग्रेस पार्टी की नेता सुप्रिया श्रीनेत ने असम विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार किया। इस दौरान कांग्रेस का आज घोषणापत्र जारी हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारी पांच गारंटी पहले ही जारी हो चुकी हैं। असम में हमने महिलाओं के खातों में 50 हजार रुपये का ऋण डालने की बात की है, वृद्धावस्था पेंशन को 1250 रुपये करने की बात की है, एक मंत्रालय बनाने की बात की जा रही है। हम जमीन के पट्टे की बात कर रहे हैं जिसमें 10 लाख लोगों को फायदा पहुंचेगा और हम जुबीन गर्ग के लिए न्याय की बात कर रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि असम में भ्रष्ट सरकार है जिसने पिछले 5 से 10 सालों में केवल जुमले दिए हैं और कोई भी काम नहीं किया है । जरूरी है कि इस जुमलेबाज सरकार की कलई खोली जाए। आप को बता दें कि असम में हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में बीजेपी की सरकार है। यहां पर कांग्रेस पार्टी अपनी वापसी की राह तलाश रही है। असम कांग्रेस की कमान गौरव गोगोई के हाथों में है। हालांकि 126 सदस्यीय असम विधानसभा के लिए मतदान एक चरण में 9 अप्रैल को होगा जबकि वोटों की गिनती 4 मई को होगी।



## ज्वेलर के 3 मंजिला मकान में लगी आग,मासूम समेत 5 लोग तेज लपटों में घिरे, सेकंड फ्लोर से कूदी युवती

**लखनऊ (संवाददाता)।** राजधानी लखनऊ में ज्वेलर के 3 मंजिला मकान में आग लग गई। घर में परिवार के 6 लोग सो रहे थे। जैसे ही आग किचन से कमरों की ओर फैली, घर के लोग जाग गए। इस दौरान 22 साल लड़की दूसरी मंजिल से कूद गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने एक मासूम बच्ची सहित परिवार के 5 लोगों को सीढ़ियों से उतारा। इस दौरान मकान धू-धूकर जलता रहा। दुर्घटना गुरुवार तड़के करीब 3रू30 बजे सरोजनीनगर में दरोगा खेड़ा स्थित पार्थ रिपब्लिक अपार्टमेंट के पास हुई। यहां ज्वेलर अजय रस्तोगी (49) अपने परिवार के साथ मकान की दूसरी मंजिल पर सो रहे थे। परिवार में उनकी पत्नी अनीता वर्मा (47), बेटा विनायक (16), विवाहित बेटी शीतल वर्मा (30), छह वर्षीय पोती विरानिका और घर में काम करने वाली तन्नू (22) हैं। ज्वेलर अजय रस्तोगी ने बताया कि मकान की तीसरी मंजिल पर किचन है। वहीं, शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। हमें तो पता भी नहीं चला। पड़ोसियों ने शोर मचाया तब हम लोगों की नींद खुली। मैंने सीसीटीवी से देखा तो सच में तीसरी मंजिल में आग लगी हुई थी। बेटी तन्नू आग देखते ही दूसरी मंजिल से कूद गई। आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सरोजनीनगर फायर स्टेशन से दो और आलमबाग से एक दमकल गाड़ी कुछ ही देर में आ गईं। दमकल कर्मचारियों ने सीढ़ी लगाकर हम पांच लोगों को नीचे उतारा। हमारा पालतू डॉगी भी हमारे साथ फंस चुका था। फायर ब्रिगेड ने उसे भी बाहर निकाल लिया। घटना के दौरान घबराकर बेटी तन्नू दूसरी मंजिल से कूद गई, जिससे वह घायल हो गई। उसे तुरंत सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। इस दुर्घटना में मेरे परिवार के सभी लोग सुरक्षित हैं। घर का काफी सामान जल गया है। दमकल विभाग की तत्परता से हम सुरक्षित रहे। टिनशेड चटचट बोल रही थी। मैंने जैसे ही दरवाजा खोला तो आग का एक गोला तेजी से बाहर आया। यह देखते ही मैं पीछे की ओर हो गया। मैं पुलिस को सूचना दी। यहां फायर ब्रिगेड, पुलिस ने जितना काम किया, उससे ही हम लोग बच पाए। इस पूरे अग्निकांड में हमारा करीब पौने दो करोड़ रुपए का नुकसान हो गया है। लिफ्ट पूरी जल गई। करीब 7 एसी लगे हुए थे, वे सब भी जल गए। राहत की बात है कि फायर ब्रिगेड ने हम लोगों को कुछ नहीं होने दिया।

## केरल के रण में प्रियंका की हुंकार, केंद्र और एलडीएफ सरकार का किया घेराव



**तिरुवनंतपुरम।** वायनाड की सांसद और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को तिरुवनंतपुरम के चिरायिनकीझु में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए केरल विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान की शुरूआत की। अपने संबोधन में उन्होंने केरल की सांस्कृतिक विरासत का सम्मान किया, तो वहीं सत्ताधारी दलों की नीतियों की जमकर आलोचना भी की। प्रियंका गांधी ने अपने भाषण की शुरूआत केरल के सामाजिक सुधारों और समानता की संस्कृति की सराहना से की। उन्होंने महान समाज सुधारक श्री नारायण गुरु को प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि केरल का सामाजिक ताना-बाना ही असली भारत की आत्मा है, जहाँ विभिन्न समुदाय सदियों से आपसी सम्मान के साथ रहते आए हैं। उन्होंने नर्सों, आशा कार्यकताओं और किसानों के योगदान की सराहना करते हुए इसे सेवा और समर्पण का प्रतीक बताया। केरल की एलडीएफ सरकार को आड़े हाथों लेते हुए प्रियंका ने राज्य में बढ़ती बेरोजगारी और कम वेतन के मुद्दे उठाए। उन्होंने कहा राज्य की स्वास्थ्य प्रणाली कमजोर हो रही है, अस्पतालों में न तो पर्याप्त कर्मचारी हैं और न ही उपकरण। आशा कार्यकताओं, मछुआरों और पारंपरिक कोयर (नारियल जटा) उद्योग से जुड़े लोगों की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है।

## राहुल ने हिमंत को बताया सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री, कहा- मोदी-शाह के साथ मिलकर असम में चला रहे लैंड एटीएम



**बोकाजान।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को भारत का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री बताते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि शर्मा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मिलकर राज्य में लैंड एटीएम चला रहे हैं और आम लोगों से जमीन छीनकर बड़े उद्योगपतियों को दे रहे हैं। बोकाजान विधानसभा क्षेत्र में पार्टी उम्मीदवार रतन इंगती के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि लोकप्रिय गायक जुबिन गर्ग असम और उसके लोगों के लिए खड़े थे और कांग्रेस पार्टी राज्य में सत्ता में आने के 100 दिनों के भीतर उनकी मौत के मामले में न्याय दिलाएगी। राहुल ने कहा, भारत के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा हैं और उनका परिवार भी भ्रष्टाचार के मामले में पहले नंबर पर है। कांग्रेस सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। अभी वह चाहे जितनी डींगें मार लें, उसके बाद वह पूरी तरह चुप हो जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री असम को गिरोहों के माध्यम से चला रहे हैं और उनके भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण मोदी ने उन पर पूरी तरह से नकेल कसी हुई है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने दावा किया कि असम में तीन बड़े कॉरपोरेट घरानों को कुल 98,400 बीघा जमीन सौंप दी गई है। उन्होंने कहा, नरेन्द्र मोदी, अमित शाह और हिमंत विश्व शर्मा ने असम में एक लैंड एटीएम बना दिया है। वे लोगों से जमीन छीनते हैं और बड़े उद्योगपतियों को दे देते हैं। प्रसिद्ध संगीतकार जुबिन गर्ग का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि वह पूरे राज्य और उसके लोगों का प्रतिनिधित्व करते थे। गर्ग की पिछले साल सितंबर में सिंगापुर में डूबने से मौत हो गई थी। कांग्रेस नेता ने कहा, वह किसी एक व्यक्ति, एक समुदाय, एक भाषा या एक इतिहास के लिए नहीं खड़े थे। वह असम की बहुसांस्कृतिक और बहुधार्मिक परंपरा की भावना को दशार्ते थे। हम सत्ता में आएंगे तो 100 दिनों के भीतर न्याय दिलाएंगे और यह 100 प्रतिशत तय है। राहुल ने यह भी कहा कि कांग्रेस विकेंद्रीकरण में विश्वास करती है, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) असम को दिल्ली से चलाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, यही भाजपा और कांग्रेस के बीच का अंतर है । असम में विभिन्न विचारधाराओं, पहचानों, धर्मों और जातियों के लोग रहते हैं, जो विभिन्न फूलों के गुलदस्ते की तरह है। हम चाहते हैं कि लोग इसी तरह रहें। उन्होंने कहा, हम संविधान के अनुच्छेद 244(ए) को पूरी तरह लागू करने का वादा करते हैं। कार्बी आंगलोंग और छठी अनुसूची के सभी क्षेत्रों का शासन स्थानीय लोगों द्वारा किया जाएगा।

CMYK

संपादकीय

# भीड़, भगदड़ और जिम्मेदारी का सवाल

धार्मिक स्थलों पर भगदड़ की घटनाएं केवल हादसे नहीं, बल्कि हमारी व्यवस्थागत कमजोरियों का आईना हैं। जब उमड़ी भीड़ अव्यवस्था का शिकार होकर जान गंवाती है, तो यह केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं, सामूहिक विफलता बन जाती है। बिहार के नालंदा स्थित शीतला माता मंदिर में हालिया भगदड़ इसी कड़वी सच्चाई को दोहराती है, जहां आठ श्रद्धालुओं ने अपनी जान गंवा दी। चिंता की बात यह है कि ऐसी घटनाएं नई नहीं हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में ऐसी घटनाएं सामने आती रही हैं, लेकिन हर बार जांच और कार्रवाई के दावों के बावजूद हालात नहीं बदलते। आखिर प्रशासन इन आयोजनों से पहले भीड़ के संभावित दबाव का आकलन क्यों नहीं कर पाता? क्या यह लापरवाही है या जवाबदेही से बचने की मानसिकता? दरअसल, धार्मिक आयोजनों में भीड़ प्रबंधन एक जटिल लेकिन अनिवार्य जिम्मेदारी है। पर्याप्त निकासी मार्ग, भीड़ नियंत्रण के उपाय, सूचना तंत्र और बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था, ये सभी किसी बड़े आयोजन की सफलता व सुरक्षा का आधार होते हैं। दुर्भाग्यवश, इनकी अनदेखी अक्सर जानलेवा साबित होती है। इतना ही नहीं, कई बार अफवाहें भी भगदड़ को जन्म देती रही हैं। इसके बावजूद प्रशासन और आमजन इन्हें गंभीरता से नहीं लेते। हादसे के बाद निचले स्तर के कर्मचारियों पर कार्रवाई कर देना आसान रास्ता बन जाता है, जबकि असली जिम्मेदारी तय करने से परहेज किया जाता है। यह भी उतना ही सच है कि आम लोगों को भी अनुशासन और संयम का परिचय देना होगा। भीड़ में धैर्य और सतर्कता ही कई बार बड़े हादसों को टाल सकती है। लेकिन जब तक शासन-प्रशासन अपनी जवाबदेही को गंभीरता से नहीं लेगा और ठोस सुधारात्मक कदम नहीं उठाएगा, तब तक ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोक पाना मुश्किल होगा। अब इन हादसों को दुर्भाग्य मानकर भुलाने के बजाय ठोस नीतिगत बदलाव जरूरी है, ताकि भगदड़ में किसी और को अपनी जान न गंवानी पड़े।

# ईरान-अमेरिका संघर्ष से बिखरता पश्चिम

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी टकराव अब उस आत्मघाती मोड़ पर पहुंच चुका है, जहां से शांति की वापसी का हर रास्ता धुंधला नजर आ रहा है। डोनॉल्ड ट्रंप के अनिश्चित फैसलों ने मध्य-पूर्व की इस आग को एक वैश्विक दावानल में बदल दिया है। बारूद की यह गंध अब केवल खाड़ी देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसने वाशिंगटन की सड़कों पर बेचैनी पैदा कर दी है। युद्ध ने न केवल मानवीय संकट खड़ा किया है, बल्कि नाटो जैसे संगठन की नींव भी हिला दी है। शुरुआत में इस हमले का आधार ईरान परमाणु हथियार हासिल करने के करीब है और ईरानी नेतृत्व को मानवता के लिए खतरा बताया गया। इजराइल के रणनीतिक दबाव में अमेरिका ने सत्ता परिवर्तन का नारा बुलंद किया। लेकिन जैसे-जैसे युद्ध आगे बढ़ा, अमेरिकी तर्क बदलते गए। पहले लक्ष्य सर्वोच्च नेता खामेनेई और शीर्ष सैन्य कमान को हटाना था। हत्याओं का सिलसिला चला, लेकिन ईरान झुका नहीं। ईरान ने पलटवार कर खाड़ी में अमेरिकी ठिकानों और ईंधन आपूर्ति केंद्रों को निशाना बनाया, तो अमेरिका का रुख फिर बदला। खार्ग द्वीप जैसे ईरान के आर्थिक स्रोतों को तबाह कर दिया गया, मिसाइल ठिकाने ध्वस्त हुए, लेकिन अमेरिका वह नया ईरान नहीं बना सका जिसका उसने दावा किया था। नतीजा यह हुआ कि युद्ध न तो समाप्त हुआ और न ही अमेरिका को निर्णायक जीत मिली।

इस पूरे परिदृश्य में सबसे दयनीय स्थिति यूरोपीय संघ (ईयू) की रही है। ट्रंप की अपीलों के बावजूद यूरोप के बड़े देशों ने इस युद्ध में सीधे कूदने से परहेज किया, जिससे ट्रांस-अटलांटिक गठबंधन में दरार साफ दिखने लगी है। ब्रसेल्स आज एक ऐसे दोराहे पर खड़ा है जहां उसके पास खोने को बहुत कुछ है। एक तरफ यूरोपीय जनमत इस युद्ध के सख्त खिलाफ है, जो अंतरराष्ट्रीय कानूनों की धज्जियां उड़ा रहा है। दूसरी तरफ, ऊर्जा और सुरक्षा के लिए यूरोप की अमेरिका पर गहरी निर्भरता उसे खुलकर विरोध करने से रोकती है। यूरोपीय नेतृत्व की दुविधा उनके बयानों में साफ झलकती है। ईयू की विदेश नीति प्रमुख काया कालास ने केवल ईरान की निंदा तक खुद को सीमित रखा,



जबकि यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन का बदला हुआ सुर चौंकाने वाला है। जो उर्सुला तीन साल पहले यूक्रेन पर रूसी हमले को अवैध बताते हुए अंतरराष्ट्रीय कानून की दुहाई देती थीं, आज वही कह रही हैं कि नियम-आधारित व्यवस्था ईयू के हितों में बाधा बन सकती है। यह दोहरा मापदंड न केवल उनकी साख गिरा रहा है, यूरोप के भीतर यूरो-संदेहवाद को भी हवा दे रहा है।

इधर, अमेरिका में भी स्थिति चिंताजनक है। दशकों के अनियंत्रित पूंजीवाद और सोशल मीडिया के जरिए फैलाए गए भ्रामक विमर्श ने अमेरिकी समाज को बांट दिया है। ट्रंप के कार्यकाल में प्रेस, न्यायपालिका और शिक्षण संस्थानों जैसी लोकतांत्रिक संस्थाएं भारी दबाव में हैं। इसके उलट, यूरोप हमेशा से एक नियामक महाशक्ति रहा है, जिसने श्रम अधिकारों, डेटा सुरक्षा और सामाजिक न्याय के वैश्विक मानक तय किए। लेकिन अब सरलीकरण के नाम पर यूरोप अपने ही नियमों को कमजोर कर रहा है, जो उसकी अपनी पहचान मिटाने जैसा है। ब्रसेल्स अक्सर रणनीतिक स्वायत्तता की बात करता है, पर क्या वह इसे अमल में लाने का साहस रखता है? स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने अंतरराष्ट्रीय कानून की पैरवी कर यह साबित किया है कि सिद्धांतों पर अडिग रहना अमेरिका का अंधानुकरण करने से कहीं बेहतर है। जब ट्रंप ने युद्ध का विरोध करने पर स्पेन से व्यापारिक संबंध तोड़ने की धमकी दी, तो यह साफ हो गया कि अब नए साझेदारों की जरूरत है।

बहरहाल, यूरोप को अब केवल वाशिंगटन की ओर देखना बंद करना होगा। उसे भारत, ऑस्ट्रेलिया, लैटिन अमेरिकी देशों और यहां तक कि चीन के साथ भी व्यावहारिक और व्यापारिक सहयोग के रास्ते तलाशने होंगे। वैचारिक मतभेदों के बावजूद, एक बहुध्रुवीय दुनिया में नियम-आधारित व्यवस्था को बचाने के लिए चीन और यूरोप का आर्थिक तालमेल एक संतुलन बना सकता है। ईरान युद्ध ने यह स्पष्ट कर दिया है कि केवल हथियारों के बल पर सत्ता नहीं बदली जा सकती। असली शक्ति नैतिक अधिकार और विवेक से आती है। यदि यूरोपीय संघ अपनी आत्मा की रक्षा करना चाहता है, तो उसे अमेरिका पर अपनी निर्भरता कम करनी होगी। अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के स्तंभों की मजबूती ही वह एकमात्र रास्ता है, जिससे वैश्विक सम्मान और घरेलू स्थिरता को फिर से जीवित किया जा सकता है। युद्ध की आग बुझाने अब केवल कूटनीति नहीं, बल्कि साहसपूर्ण स्वायत्तता और वैश्विक एकता की आवश्यकता है।

■ राममनोहर रायकवार

रजत रहेगा शाम 7:00 बजे कन्या राशि का नक्षत्र चित्रा का प्रथम चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया रजत रहेगा। **योग**:- ध्रुव। **करण**:- बब। **नक्षत्र के अनुसार राशि नाम अक्षर**:- ण ठ पे। **आराधना का मंत्र**:- ऊँ हं हनुमते रुद्रात्मकायं हुं फट्।।

- **मेष राशि**:- सितारे आज दिनभर आपकी भरपूर सहायता करेंगे जितने भी आवश्यक काम हैं, आज शाम तक अवश्य कर लें।
- **वृषभ राशि**:- राशि स्वामी की मदद आपको लगातार मिल रही है, प्रॉपर्टी और शेयर मार्केट से जुड़े हुए कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।
- **मिथुन राशि**:- सितारे आज दोपहर के बाद से और बेहतर होने जा रहे हैं, जरूरी निर्णय दोपहर बाद से ही लें।
- **कर्क राशि**:- राशि स्वामी आज दोपहर बाद से सामान्य फल देने जा रहा है, सुबह किसी से वाद-विवाद न करें, वाहन सावधानी से चलाएं।
- **सिंह राशि**:- सितारों की अनुकूलता आज दोपहर तक बनी रहेगी, कार्यक्षेत्र बढ़िया रहेगा, प्रेम संबंध मधुर बने रहेंगे।
- **कन्या राशि**:- शुक्र ग्रह का साथ मिलने के कारण कार्यक्षेत्र और भाग्य आपके अनुकूल रह सकते हैं, भरपूर लाभ उठाएं प्रेम संबंध मधुर रहेंगे।
- **तुला राशि**:- सितारों की अनुकूलता दोपहर बाद से और मजबूती की ओर अग्रसर है, कार्यक्षेत्र बढ़िया रहेगा, प्रेम संबंध मधुर रहेंगे।
- **वृश्चिक राशि**:- समय बेहतर होने जा रहा है परंतु सुबह किसी से बहस न करें, दोपहर बाद ही जरूरी निर्णय लें।
- **धनु राशि**:- चंद्रमा आज दोपहर तक आपका साथ देता रहेगा, मित्रों और परिजनों से लाभ मिलेगा, कार्यक्षेत्र अनुकूल बना रहेगा।
- **मकर राशि**:- चंद्रमा का साथ आज दोपहर बाद से आपको भरपूर तरीके से प्राप्त होगा, सुबह धैर्यपूर्वक कार्य करने की कोशिश करें।
- **कुंभ राशि**:- ग्रहों का साथ लगातार जारी है, आजीविका क्षेत्र मजबूत बना रहेगा, संतान से लाभ मिलेगा पिता पक्ष मजबूत रहेगा।
- **मीन राशि**:- समय की प्रतिकूलता के चलते मन थोड़ा अशांत रह सकता है, परंतु चिंता बिल्कुल न करें, दोपहर बाद से समय सामान्य होने जा रहा है।



पश्चिम बंगाल की राजनीति इस समय केवल एक राज्य का चुनाव नहीं, राष्ट्रीय सत्ता-संतुलन की दिशा तय करने वाला संघर्ष बन चुकी है। एक ओर ममता बनर्जी का स्थापित जनाधार और आक्रामक शैली है, तो दूसरी ओर भाजपा की विस्तारवादी रणनीति। सवाल यही है, क्या यह मुकाबला सत्ता परिवर्तन का संकेत देगा या फिर बंगाल अपनी राजनीतिक परंपरा को बरकरार रखेगा?

# पश्चिम बंगाल में सियासी संग्राम का निर्णायक दौर

पश्चिम बंगाल में चुनावी बिगुल बजते ही राजनीतिक तापमान चरम पर पहुंच गया है। वैसे तो पांच राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, लेकिन सबसे अधिक नजरें बंगाल पर टिकी हैं। इसकी वजह साफ है। यह चुनाव केवल सरकार बदलने का नहीं, बल्कि राजनीतिक विमर्श की दिशा तय करने का भी है। भाजपा जहां इस राज्य को अपने विस्तार का द्वार मानती है, वहीं ममता बनर्जी इसे अपनी राजनीतिक अस्मिता की लड़ाई के रूप में देख रही हैं। इस बार चुनावी परिदृश्य में सबसे बड़ा बदलाव ममता बनर्जी की रणनीति में दिखता है। जो ममता कभी 'जय श्रीराम' के नारों पर तीखी प्रतिक्रिया देती थीं, वही अब धार्मिक-सांस्कृतिक प्रतीकों को सहजता से अपनाती नजर आ रही हैं। मंदिर निर्माण, दुर्गा पूजा और क्षेत्रीय आस्था के मुद्दों को आगे बढ़ाकर उन्होंने भाजपा को उसी की भाषा में जवाब देने की कोशिश की है। यह बदलाव बताता है कि राजनीति अब केवल विचारधारा नहीं, बल्कि प्रतीकों की लड़ाई भी बन चुकी है।

**इसके** इतर, भाजपा के लिए बंगाल केवल एक राज्य नहीं, बल्कि एक अधूरी राजनीतिक महत्वाकांक्षा है। पिछले एक दशक में पार्टी ने कई राज्यों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है, फिर भी पश्चिम बंगाल अब भी उसके लिए चुनौती बना हुआ है। 2021 में बड़े दावों के बावजूद अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई। ऐसे में इस बार पार्टी अधिक संगठित और आक्रामक नजर आ रही है। प्रधानमंत्री की रैलियां, संगठन की सक्रियता और स्थानीय मुद्दों को उठाने की कोशिश इस रणनीति का हिस्सा हैं। वहीं ममता बनर्जी की सबसे बड़ी ताकत उनकी जुझारू छवि है। केंद्रीय सत्ता के खिलाफ खुलकर बोलना, संवेदनशील मुद्दों पर अदालत तक लड़ाई लड़ना और खुद को बंगाल की अस्मिता से जोड़ना, इन सभी ने उन्हें एक जुझारू नेता के रूप में स्थापित किया है। इसके साथ ही, विभिन्न सामाजिक वर्गों के लिए चलाई गई योजनाओं ने उनके जनाधार को मजबूत बनाए रखा है।

**इधर,** भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती स्थानीय सामाजिक-सांस्कृतिक ताने-बाने को समझने की रही है। विपक्षी दलों का दावा है कि भाजपा उत्तर भारतीय हिंदी भाषी राज्यों के राजनीतिक मॉडल को बंगाल में उतार रही है, जो पूरी तरह असरकारक नहीं हो सका। बेरोजगारी, उद्योगों की कमी और कानून व्यवस्था जैसे मूल मुद्दे उठाने के बावजूद पार्टी कोई व्यापक जनसमर्थन हासिल नहीं कर पाई, जिससे उसका प्रभाव सीमित रहा। हालांकि इस चुनाव में पहचान की राजनीति भी केंद्र में है। मतदाता सूची, घुसपैठ और नागरिकता जैसे मुद्दों ने चुनाव को जटिल बना दिया है।

**ममता** बनर्जी इन मुद्दों को 'बंगाली अस्मिता' से जोड़ रही हैं, जबकि भाजपा इन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा और व्यवस्था के नजरिए से देखती है। इसके अलावा, मछली जैसे सांस्कृतिक प्रतीकों को भी राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बनाया जा रहा है। साफ है कि चुनाव अब भावनात्मक स्तर पर भी लड़ा जा रहा है। पश्चिम बंगाल का चुनाव इस बार सीधा स्थानीय पहचान और राष्ट्रीय विस्तार के बीच है। ममता बनर्जी का मजबूत जनाधार और बदली रणनीति उन्हें बढ़त दिला सकती है, वहीं भाजपा की आक्रामकता और संसाधन भी मुकाबले को रोचक बनाए हुए हैं। अंतिम निर्णय मतदाता के हाथ में है, जो तय करेगा कि बंगाल परिवर्तन चाहता है या निरंतरता।

■ जसवंत सिंह राजपूत

विशेष...

# हनुमान प्रकटोत्सव: भक्ति और शक्ति का पर्व

हनुमान प्राकट्य उत्सव प्रतिवर्ष चैत्र मास शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 2 अप्रैल गुरुवार को हनुमान प्रकटोत्सव मनाया जाएगा। पौराणिक मान्यता के अनुसार, इस दिन माता अंजना और वानरराज केसरी के यहां भगवान शिव के 11वें रुद्रावतार के रूप में हनुमानजी का जन्म हुआ था। इसलिए यह पर्व शक्ति, भक्ति, साहस और निःस्वार्थ सेवा का प्रतीक है। यह उत्सव हनुमान जी की अटूट रामभक्ति और उनके अतुलनीय पराक्रम को स्मरण करने के लिए मनाया जाता है। रामायण के अनुसार, उन्होंने सीता माता की खोज, लंका दहन और संजीवनी बूटी लाने जैसे महान कार्य किए। इस प्रकार उनका त्याग, समर्पण और सेवा भक्तों को प्रेरित करती है।

## भगवान शिव ने दिया आशीर्वाद

हनुमान जन्मोत्सव की परंपरा पौराणिक काल से चली आ रही है। मूलतः हनुमानजी का जन्म किष्किंधा की पहाड़ियों में हुआ माना जाता है, जहाँ से उनके जन्मोत्सव की परंपरा शुरू हुई। एक कथा के अनुसार, माता अंजना ने संतान प्राप्ति के लिए कठोर तपस्या की, जिससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें पुत्र रूप में जन्म लेने का वरदान दिया। वहीं दूसरी मान्यता के अनुसार, राजा दशरथ के यज्ञ का दिव्य प्रसाद पवनदेव के माध्यम से अंजना तक पहुंचा, जिससे हनुमानजी 'पवनपुत्र' कहलाए। बचपन में सूर्य को फल समझकर निगलने की कथा उनके अद्भुत बल और दिव्यता को दर्शाती है।



## वर्ष में दो बार जन्मोत्सव

भारत के विभिन्न क्षेत्रों में यह पर्व अलग-अलग तिथियों पर भी मनाया जाता है, लेकिन उत्तर भारत में चैत्र पूर्णिमा का विशेष महत्व है। देश के अन्य हिस्सों में हनुमान जयंती अलग-अलग समय पर मनाई जाती है। तमिलनाडु और केरल में यह दिसंबर-जनवरी में मनाई जाती है, जबकि ओडिशा में इसे वैशाख संक्रांति (अप्रैल) में मनाया जाता है। भक्त इस दिन व्रत रखते हैं, हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करते हैं तथा हनुमानजी को सिंदूर और चमेली का तेल अर्पित करते हैं। सिंदूर चढ़ाने की परंपरा उनकी श्रीराम के प्रति समर्पण से जुड़ी मानी जाती है। हनुमानजी को चिरंजीवी और संकटमोचन माना जाता है। मान्यता है कि उनकी आराधना से भय, बाधाएं और नकारात्मक शक्तियां दूर होती हैं।

हनुमान जन्मोत्सव केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि जीवन में साहस, भक्ति और निस्वार्थ सेवा अपनाने की प्रेरणा देने वाला उत्सव है।

## आस्था और परंपराएं

सालासर बालाजी में नारियल चढ़ाने और खेजड़ी के पेड़ पर लाल कपड़े में बांधने की परंपरा लगभग 200 वर्षों से चली आ रही है। श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की कामना से यहां नारियल अर्पित करते हैं। साथ ही चूरमे का भोग और अखंड धूनी की भस्म को भी विशेष महत्व दिया जाता है।

## मेले और महत्व

यहां हर वर्ष दो बड़े मेले हनुमान जयंती और शरद पूर्णिमा पर लगते हैं, जिनमें लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। सालासर बालाजी में दाढ़ी-मूंछ वाले हनुमान जी का यह स्वरूप इस बात का प्रतीक है कि भगवान अपने भक्तों को जिस रूप में दर्शन देते हैं, वही रूप भक्तों के लिए सत्य और पूजनीय बन जाता है।

## दाढ़ी-मूंछ वाले हनुमान जी

राजस्थान के चुरू जिले में स्थित सालासर बालाजी मंदिर देश-विदेश में अपनी अनूठी पहचान के लिए प्रसिद्ध है। यह एकमात्र ऐसा मंदिर माना जाता है, जहां भगवान हनुमान दाढ़ी-मूंछ वाले स्वरूप में विराजमान हैं।

### प्रतिमा प्रकट होने की कथा

धार्मिक मान्यता के अनुसार, संवत 1811 (लगभग 18वीं सदी) में असोटा गांव के एक किसान के खेत में हल जोतते समय हनुमानजी की मूर्ति प्रकट हुई। इस घटना के बाद भक्त मोहनदास जी को स्वप्न में बालाजी के दर्शन हुए। हनुमानजी ने उन्हें निर्देश दिया कि इस प्रतिमा को बैलगाड़ी में रखकर ले जाया जाए, जहां बैल स्वयं रुक जाएं, वहीं पर स्थापना की जाए। वही स्थान आज का सालासर धाम है।

### दाढ़ी-मूंछ वाले स्वरूप का रहस्य

सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यही है कि हनुमान जी इस रूप में क्यों विराजमान हैं। प्रचलित कथाओं के अनुसार, जब मोहनदास जी को स्वप्न में दर्शन हुए, तब हनुमानजी उन्हें दाढ़ी-मूंछ वाले रूप में दिखाई दिए। उसी स्वरूप के आधार पर मंदिर में प्रतिमा का श्रृंगार और स्थापना की गई। इसलिए अधिकतर मान्यता यही कहती है कि हनुमान जी स्वयं इस रूप में प्रकट हुए, न कि केवल भक्त के आग्रह पर यह रूप धारण किया। हालांकि कुछ कथाओं में यह भी उल्लेख है कि भक्त की इच्छा पर इस रूप में आए। हालांकि मुख्य आधार स्वप्न-दर्शन ही माना जाता है।



## लेटे हनुमान मंदिर, प्रयागराज

प्रयागराज का लेटे हनुमान मंदिर अपनी अनूठी 20 फुट लंबी शयन मुद्रा वाली प्रतिमा के लिए प्रसिद्ध है। यह मूर्ति भगवान हनुमानजी की सबसे बड़ी और सबसे प्रतिष्ठित प्रतिमाओं में से एक है। मंदिर त्रिवेणी संगम और किले के पास स्थित है, जो इसे महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल बनाता है। मान्यता है कि लंका दहन के बाद हनुमानजी ने यहां विश्राम किया था। खास बात यह है कि बाढ़ के समय गंगा जल प्रतिमा को स्पर्श करता है, जिसे अत्यंत शुभ माना जाता है।



## जाखू मंदिर, शिमला

जाखू मंदिर हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला की सबसे ऊंची चोटी (लगभग 8048 फीट) पर स्थित एक प्राचीन और विश्व प्रसिद्ध हनुमान मंदिर है। मंदिर परिसर में 108 फीट ऊंची हनुमान प्रतिमा स्थापित है, जो इसे दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमाओं में से एक बनाती है। यह स्थान रामायण काल से जुड़ा माना जाता है और घने देवदार वृक्षों के बीच आस्था का प्रमुख केंद्र है। पौराणिक कथा के अनुसार, राम-रावण युद्ध के दौरान जब लक्ष्मण मूर्छित हुए, तब संजीवनी बूटी की खोज में हनुमान जी हिमालय की ओर जाते समय जाखू पर्वत पर उतरे। यहां उनकी भेंट तपस्या में लीन यक्ष ऋषि से हुई, जिन्होंने उन्हें द्रोणगिरि पर्वत पर संजीवनी मिलने की जानकारी दी। मान्यता है कि जब हनुमान जी इस पर्वत पर उतरे, तो उनके अपार भार से इसका एक हिस्सा धरती में दब गया, जिससे जाखू की चोटी समतल (चपटी) हो गई। आज भी यहां उनके चरण चिन्ह संगमरमर में सुरक्षित माने जाते हैं। हनुमान जी ने यक्ष ऋषि से लौटने का वचन दिया था, लेकिन समयाभाव के कारण वे वापस नहीं आ सके। बाद में उन्होंने दर्शन देकर अपना कारण बताया और यहीं उनकी स्वयंभू मूर्ति प्रकट हुई, जिस पर मंदिर की स्थापना हुई। श्रद्धालु मानते हैं कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण होती है, इसलिए यह स्थान आज भी गहरी आस्था और विश्वास का केंद्र बना हुआ है।



## हनुमानगढ़ी, अयोध्या

अयोध्या स्थित हनुमानगढ़ी उत्तर भारत के प्रमुख हनुमान धामों में गिना जाता है। किलेनुमा संरचना में बने इस मंदिर में पहुंचने के लिए सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। मान्यता है कि त्रेतायुग में भगवान हनुमानजी यहां गुफा में रहकर अयोध्या की रक्षा करते थे। यहां बाल रूप में लगभग 6 इंच की प्रतिमा माता अंजनी की गोद में विराजमान है। यह मंदिर 10वीं शताब्दी में बनाया गया था। परंपरा है कि राम जन्मभूमि के दर्शन से पहले हनुमानगढ़ी के दर्शन किए जाते हैं, क्योंकि हनुमानजी अयोध्या के संरक्षक हैं।

## नवाब ने करवाया था भव्य मंदिर का निर्माण

18वीं शताब्दी के प्रारंभिक काल में नवाब का पुत्र असाध्य बीमारी से पीड़ित हो गया, जो यहां विराजमान बजरंगबली के अर्चक बाबा अभयरामदास के आशीर्वाद से रोगमुक्तत हो गया तो बदले में नवाब ने हनुमान जी का भव्य मंदिर निर्मित कराया और हनुमान जी के लिए 52 बीघा का परिसर दान कर दिया। हनुमानगढ़ी मुस्लिमों की भी आस्था के केंद्र में रही।




## हनुमान मंदिर, बेट द्वारका

गुजरात के बेट द्वारका से करीब चार मील की दूरी पर हनुमान मंदिर मकरध्वज कथा से जुड़ा है। मान्यता है कि जब अहिरावण ने भगवान राम और लक्ष्मण को पातालपुरी में छिपा कर रख लिया था तो हनुमानजी उन्हें लेने के लिए गये। जहां पर अहिरावण से युद्ध के दौरान हनुमानजी का सामना अपने पुत्र मकरध्वज के साथ हुआ। मान्यता है कि हनुमानजी के पसीने की एक बूंद जब समुद्र में गिरी तो उसे एक मछली ने निगल लिया और वह जब गर्भवती हुई तो उससे मकरध्वज का जन्म हुआ था। मंदिर में दोनों की प्रतिमाएं स्थापित हैं, जो इस कथा को मान्यता को बल देती हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक **''गिलेडविन मसीह''** के लिए **''बुलंद मंज़िल''** हिन्दी दैनिक ए.एच. प्रिन्टर्स, सीधी सराय, असालतपुरा मुरादाबाद मे मुद्रित कराकर कार्यालय बुलंद मंज़िल शंकर कॉलेज चौराहा, राजा मार्केट, प्रथम तल, जनपद संभल से वितरित किया गया। इस अंक में प्रकाशित समाचारों में खबरों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी०आर०वी० एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद सम्भल न्यायालय के अधीन होंगे।
**PRGI NO. - UPBIL/25/A4797- Contect No.- 8630704122**

# नाबालिग से दुष्कर्म के बाद आरोपी के परिजनों ने कराया गर्भपात, मुकदमा दर्ज

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**आदमपुर ब्यूरो।** थाना क्षेत्र से एक बेहद संवेदनशील और चिंताजनक मामला सामने आया है, जहां एक 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म कर उसे धमकाने और बाद में आरोपी के परिवार के लोगों ने चोरी छुपे किशोरी को धमका कर झोलाछाप से कराया गर्भपात, पीडिता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। तहरीर के अनसार, करीब छह माह पर्व किशोरी खेत पर चारा लेने जा रही थी। इसी दौरान थाना क्षेत्र के गांव रूपानागल निवासी युवक निर्विकार पुत्र सतपाल ने उसे रास्ते में जबरन पकड़कर खेत में खींच लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने घटना





के बाद पीडिता को जान से मारने की धमकी दी जिसके डर से वह लंबे समय तक चुप रही। घटना ने नया मोड तब लिया जब 28 मार्च को आरोपी के जीजा और बहन ने एक पडोसी युवती के माध्यम से किशोरी को बहला-फुसलाकर बुलाया। इसके बाद उसे पहले हसनपूर के एक निजि अस्पताल ले जाया गया जहां निजी चिकित्सक ने गर्भपात करने से इनकार कर दिया गया। उसे बाद थाना क्षेत्र गांव साथलपुर की मडैया में एक कथित महिला डॉक्टर के पास ले जाकर जबरन गर्भपात करा दिया गया। शाम को घर लौटने पर परिजनों ने जब उससे देरी का कारण पूछा तब किशोरी ने पूरी आपबीती बताई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया और मौके पर फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य सकलन कराया गया । थानाध्यक्ष कोमल तोमर ने बताया कि नाबालिग किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 65(1),351(2),89 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 धारा 5 व 6 के तहत निर्विकार पुत्र सतपाल गांव रूपानागल थाना आदमपुर जनपद अमरोहा व आरोपी के जीजा व बहन पता अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया हो।

# तीन साल का हिसाब देने को तैयार रहें अफसर, 10 अप्रैल को होगी बड़ी समीक्षा

**दैनिक बुलंद मंज़िल/**
**असलम सैफी जिला प्रभारी**
**अमरोहा।** जनपद में 10 अप्रैल को प्रस्तावित उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति के भ्रमण कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि समिति 10 अप्रैल को जनपद पहुंचेगी और मा॰ सभापति अश्विनी त्यागी के सभापतित्व में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेगी। इस दौरान जनपद में संचालित विभिन्न विभागों की



योजनाओं, कार्यों और प्रकरणों की गहन समीक्षा की जाएगी। सीडीओ ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग पिछले तीन वर्षों में सदन में उठाए गए मामलों से संबंधित संपूर्ण एवं प्रमाणित विवरण तैयार रखें। उन्होंने कहा कि समिति वर्ष 2026 के द्वितीय सत्र में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही या अधूरी जानकारी स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा बैठक में आवास एवं शहरी नियोजन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, गृह, राजस्व, पंचायती राज, शिक्षा विभाग (बेसिक, माध्यमिक व उच्च), ऊर्जा, सहकारिता, नगर विकास, जल शक्ति, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, परिवहन, समाज कल्याण, लोक निर्माण विभाग, ग्राम्य विकास, वन विभाग, औद्योगिक विकास, सिंचाई, खाद्य एवं रसद, नमामि गंगे, पर्यावरण, गन्ना विकास, अल्पसंख्यक कल्याण, खनन, पशुधन, बाल विकास एवं पुष्टाहार, नेडा समेत अन्य विभागों के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की जाएगी।

मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैठक के लिए निर्धारित प्रारूप में सभी सूचनाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं और सभी अधिकारी बैठक में पूरी तैयारी के साथ समय पर उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि यह दौरा जनपद के विकास कार्यों की प्रगति को प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर है। बैठक में पीडीडीआरडीए अंबरीश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसौदिया, अधीक्षण अभियंता विद्युत विष्णु दयाल सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# नायब तहसीलदार बने विजेंद्र सिंह का ऐतिहासिक स्वागत

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**ढबारसी ब्यूरो।** यूपीपीसीएस परीक्षा में सफलता हासिल कर नायब तहसीलदार बने साथलपुर निवासी विजेंद्र सिंह का जनपदभर में भव्य और यादगार स्वागत किया गया। लखनऊ से गांव लौटते समय उनका काफिला जैसे-जैसे आगे बढ़ा, वैसे-वैसे उत्साह और भी बढ़ता गया। सबसे पहले गजरौला के इंदिरा चौक स्थित शिव मंदिर में विजेंद्र सिंह ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद उनके चाचा पूर्व विधायक हरपाल सिंह और भाजपा नेता विपिन सागर के साथ ढोल-नगाड़ों की धुन पर समर्थकों ने जमकर नाच-गाकर खुशी का इजहार किया। इंदिरा चौक पर सैकड़ों समर्थकों ने पटाखे फोड़कर और आतिशबाजी कर इस उपलब्धि को त्योहार की तरह मनाया। इसके उपरांत कवीनगर स्थित आवास पर पहुंचने के बाद भी बधाई देने वालों




का तांता लगा रहा। वहीं, पैतृक गांव साथलपुर पहुंचने से पहले ढवारसी बस स्टैंड पर हजारों गणमान्य लोगो ने फूल-मालाओं, पगड़ी पहनाकर और गाजे-बाजे के साथ उनका भव्य स्वागत किया। गांव पहुंचने पर विजेंद्र सिंह ने सबसे पहले अंबेडकर पार्क में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और फिर शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर अपने गांववासियों का आशीर्वाद लिया। घर पहुंचने पर उन्होंने परिजनों, ग्रामीणों और शुभचिंतकों का अभिवादन स्वीकार किया। इस बड़ी सफलता से परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। इस भावुक मौके पर विजेंद्र सिंह ने अपने दिवंगत पिता को याद किया, जिससे उनकी मां और भाई की आंखें नम हो गईं। खुशी और गर्व के इस पल में परिवार को लगातार बधाइयां मिलती रहीं। इस अवसर पर मास्टर कमल सिंह, विपिन सागर भाजपा नेता, रवि सागर,सपा नेता व पुर्व विधायक पीतम सिहं,अंकुश कुमार,प्रमोद कुमार, विक्की वर्मा, अरविंद, सतवीर प्रधान, सुशील सैनी, नरेंद्र ढिल्लों, संजय सागर सहित सैकड़ों गणमान्य लोग और समर्थक मौजूद रहे। पूरे क्षेत्र में यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा बनकर उभरी है।

# पुरानी रंजिश में फायरिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार, तमंचा-कारतूस बरामद

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**बछरायूं ब्यूरो।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बछरायूं पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने पुरानी रंजिश के चलते फायरिंग करने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी धनौरा अंजलि कटारिया के निकट पर्यवेक्षण में थाना बछरायूं पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।



जानकारी के अनुसार बीते बुधवार को गांव लखमिया में मनवीर सिंह के घर पर देवेन्द्र उर्फ गुड्डू व उसके साथियों ने पुरानी रंजिश के चलते जान से मारने की नीयत से फायरिंग की थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना बछरायूं में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुरुवार को मुख्य आरोपी देवेन्द्र उर्फ गुड्डू को शेरपुर हाल्ट स्टेशन के पास खंडहर के पीछे से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक अवैध 315 बोर तमंचा व दो खोखा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उस पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष कुलदीप सिंह तोमर सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# हसनपुर नगर पालिका में नामित सभासदों का शपथ ग्रहण, विकास को मिलेगी नई गति

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**हसनपुर।** नगर पालिका परिषद के सभागार में गुरुवार को नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। उपजिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने सभी नामित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी और पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। विधायक खड़गवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार ने समर्पित और कर्मठ कार्यकताओं को नामित कर उन्हें जनसेवा का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बिना



किसी भेदभाव के विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है और नए सभासदों के जुड़ने से नगर के विकास को और गति मिलेगी। पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने बताया कि नामित सभासदों के शामिल होने से अब सदन में सदस्यों की संख्या 25 से बढ़कर 30 हो गई है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी के सहयोग से नगर के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही उन्होंने अपने पूर्व कार्यों का उल्लेख करते हुए भविष्य में भी शहर की सूरत बदलने का संकल्प दोहराया। शपथ लेने वाले नामित सभासदों में मानवी त्यागी, ज्योति गर्ग, अजयपाल और पंकज भटनागर शामिल रहे। कार्यक्रम में पूर्व पालिका अध्यक्ष हरि सिंह सैनी, देवेंद्र खड़गवंशी, विजयपाल सिंह, मयंक अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, महावीर सिंह, मोहसिन खान, जुनेद खान और शराफत मलिक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने नए सभासदों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# सीएनजी पंप के पास दर्दनाक हादसा : ट्रैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर महिला की मौत, दो घायल

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**रहरा ।** थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने खुशहाल परिवार को पल भर में मातम में बदल दिया। गांव चचोरा निवासी आले हसन अपनी पत्नी परवीन (45) और बेटे राशिद के साथ किसी निजी कार्य से रहरा गए थे। वापस लौटते समय बाइक राशिद चला रहा था। जैसे ही वे रहरा से लौटते हुए सीएनजी पंप के निकट पहुंचे, सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़ पड़े। इसी बीच परवीन ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। घटना की


मृतक परवीन का फाइल फोटो

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायल आले हसन और उनके बेटे राशिद को तत्काल हसनपुर के एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया, जहां दोनों का इलाज जारी है। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके का फायदा उठाकर वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है और ट्रैक्टर व चालक की तलाश में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं इस हादसे के बाद गांव चचोरा में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस बारे में थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया है उसकी तलाश की जा रही है तथा अभी तहरीर नहीं मिली है अगर तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

# नकली नोट चलाने की साजिश पड़ी महंगी, अदालत ने सुनाई कड़ी सजा

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**/सर्वेश यादव**
**अमरोहा।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चल रही सख्त कार्रवाई के तहत अमरोहा पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। प्रभावी पैरवी और सशक्त साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने जाली नोट बाजार में चलाने का प्रयास करने वाले अभियुक्त को कठोर दंड सुनाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना अमरोहा नगर पर वर्ष 2011 में दर्ज मु0अ0सं0 333/11 धारा 489(ख) भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत जाली नोट बाजार में चलाने के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में अभियुक्त मौ० मसरुर पुत्र ईदरीश निवासी मोहल्ला सेंडोवाला, थाना टाण्डा जनपद रामपुर को नामजद किया गया था। मामले की गंभीरता को



देखते हुए अमरोहा पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी पैरवी की गई। विवेचना के दौरान जुटाए गए ठोस साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में मजबूती से अपना पक्ष रखा। परिणामस्वरूप, गुरुवार को न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास एवं 1,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जाली नोटों का प्रचलन न केवल आर्थिक व्यवस्था को प्रभावित करता है, बल्कि आम जनता के साथ धोखाधड़ी का भी एक गंभीर अपराध है। ऐसे अपराधों के विरुद्ध पुलिस लगातार सतर्क है और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्रवाई से जहां अपराधियों में भय का माहौल है, वहीं आम जनता में सुरक्षा और न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। अमरोहा पुलिस की इस सफलता की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

# सेवानिवृत्त हुए प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह, भव्य समारोह में दी गई भावभीनी विदाई

**दैनिक बुलंद मंजिल/**
**रवि कुमार**
**हसनपुर।** राजकीय इंटर कॉलेज मिट्ठेपुर कलाँ के प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिसर में भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। उन्होंने माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश में अपनी 30 वर्ष की गौरवमयी एवं



उत्कृष्ट सेवा पूर्ण कर दिनांक 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत्ति प्राप्त की। समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों ने राजेन्द्र सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके अनुकरणीय कार्यों की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में विद्यालय ने शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं अनुशासन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। उन्होंने सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी और शिक्षा के उच्च मानकों को स्थापित किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं सहकर्मियों ने उन्हें शॉल, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। भावुक माहौल में राजेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में सभी का आभार व्यक्त करते हुए अपने सेवाकाल के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन निर्माण की प्रक्रिया है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# लापता नाबालिग के साथ कुकर्म का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**डिडौली ब्यूरो।** कोतवाली क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक नाबालिग मनोरोगी किशोर के साथ कुकर्म किए जाने के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले में पिता की तहरीर पर दो नामजद और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना 30 मार्च की देर शाम की है। कस्बा जोया के एक मोहल्ले में रहने वाले मजदूर का नाबालिग बेटा अचानक लापता हो गया। परिजन उसकी तलाश में जुटे हुए थे। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने सूचना दी कि तीन युवक उसे जंगल की ओर ले गए हैं। पिता जब बेटे की तलाश में जंगल की ओर पहुंचे तो सामने से उनका बेटा आता दिखाई दिया, जबकि दो युवक मौके से फरार हो गए। पीड़ित युवक ने अपने पिता को बताया कि आरोपियों ने उसे चाय पिलाकर जंगल में



ले जाकर उसके साथ बारी-बारी से कुकर्म किया। यह सुनकर पिता के होश उड़ गए और वह तुरंत बेटे को लेकर कोतवाली पहुंचे, जहां आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी गई। पुलिस ने 31 मार्च को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। गुरुवार को अज्ञात आरोपी की पहचान होने के बाद पुलिस ने गौरव कुमार और कपिल कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# ढवारसी में गूंजा जय श्रीराम : भक्ति और उल्लास से सजी भव्य शोभायात्रा

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**ढबारसी ब्यूरो।** कस्बे में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आस्था, उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल के बीच भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसने लोगों को श्रद्धा के रंग में रंग दिया। शोभायात्रा का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने विधिवत फीता काटकर एवं आरती के साथ किया। यात्रा पुराना बाजार स्थित बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर कस्बे के प्रमुख मार्गों–होली चौक, आदमपुर चौराहा, पुलिस चौकी, रामलीला मैदान, मुख्य बस



स्टैंड और बिजली उपकेंद्र से गुजरते हुए पुनः बालाजी मंदिर पर आकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालु हाथों में भगवा ध्वज लेकर ह्यजय श्रीरामह्ण और ह्यजय बजरंगबलीह्ण के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। शोभायात्रा में सजी आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। बालाजी, खाटू श्याम, मां काली और बजरंगबली की जीवंत झांकियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इससे पूर्व हनुमान मंदिर में दो दिन से चल रहा रामचरित मानस पाठ भी विधिवत पूर्ण हुआ। मंदिर में हनुमानजी का भव्य श्रृंगार किया गया, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम के समापन पर आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में शिवकुमार गोयल उर्फ बालाजी, राहुल जाट, मुदित गुर्जर, आदित्य त्यागी, दीपक कुमार, राजेश शर्मा, राजीव गोयल, अंकित सागर, मोंटी, नवीन चतुर्वेदी, गिरवर सिंह, कलुआ सहित अनेक लोगों का सहयोग रहा। हनुमान जन्मोत्सव के इस आयोजन ने न सिर्फ धार्मिक आस्था को प्रबल किया, बल्कि कस्बे में सामाजिक एकता और उत्साह का संदेश भी दिया।

# नन्हे सितारों की चमक से जगमगाया गुलामपुर विद्यालय, मेधावियों का हुआ सम्मान

**दैनिक बुलंद मंजिल**

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर में गुरुवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह उत्सव के माहौल में संपन्न हुआ। जैसे ही बच्चों को उनका परीक्षा परिणाम मिला, उनके चेहरों पर खुशी की चमक साफ नजर आई। पूरा विद्यालय परिसर तालियों और उत्साह से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान कक्षा अनुसार प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अभिभावकों और शिक्षकों ने बच्चों की मेहनत की



सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि एआरपी कमल दीपेंद्र सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा परिणाम केवल अंक नहीं, बल्कि उनकी लगन और परिश्रम का आईना है। उन्होंने छात्रों को निरंतर मेहनत करते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा ही जीवन को संवारने का सबसे मजबूत आधार है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सफलता पाने के लिए सीखने की प्रक्रिया कभी रुकनी नहीं चाहिए। कार्यक्रम में वरिष्ठ संकुल शिक्षक संजय सिंह, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष इंद्र सिंह, इंचार्ज अध्यापक मदनपाल, सहायक अध्यापक अमित कुमार, अजय सागर, मनीष कुमार, रेनू कंसल, राजवती, लीलावती, कुसुम, राशिद अली और संतराम सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह के अंत में बच्चों के चेहरों की मुस्कान और उनके सपनों की उड़ान ने पूरे माहौल को यादगार बना दिया।

# पिकअप देख घबराए बाइक सवार, अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरे बाल-बाल बची जान

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**रहरा।** क्षेत्र में गुरुवार शाम एक सड़क हादसा उस समय टल गया, जब तेज रफ्तार से आ रही पिकअप को देखकर बाइक सवार घबरा गए और उनका संतुलन बिगड़ गया। जानकारी के अनुसार ग्राम देहरी गुजर निवासी विक्की पुत्र सुरेन्द्र अपने साथी कालू ओर सरजीत पुत्र महावीर के साथ बाइक से अपने मामा के घर से वापस देहरी गुजर लौट रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही वे छपना पेट्रोल पंप ओर से गुजर रहे थे, सामने से आ रही पिकअप को देखकर बाइक चालक अचानक घबरा गया। घबराहट में उसने बाइक पर नियंत्रण खो दिया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई और दोनों युवक गिर पड़े। घटना के बाद मौके पर मौजूद



स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों को उठाया और प्राथमिक सहायता दी। गनीमत रही कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई, हालांकि दोनों को हल्की चोटें आई हैं। हादसे के बाद कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों का आवागमन लगातार बढ़ रहा है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने प्रशासन से सड़क पर यातायात नियंत्रण और चेतावनी संकेत लगाने की मांग की है। यह घटना एक बार फिर सावधानी और संयमित ड्राइविंग की आवश्यकता को उजागर करती है।

# फरियादियों के बीच खड़े होकर एसपी ने सुनी समस्याएं व त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**दैनिक बुलंद मंज़िल/ असलम सैफी जिला प्रभारी**

**अमरोहा।** आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय नजर आ रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान फरियादियों के बीच खड़े होकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर उनकी परेशानी की जानकारी ली। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने भूमि विवाद, पारिवारिक कलह, मारपीट, धोखाधड़ी एवं अन्य मामलों से





संबंधित शिकायतें प्रस्तुत कीं। पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रार्थना पत्रों का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण की प्रगति पर नियमित निगरानी रखी जाए और पीड़ितों को समय-समय पर अपडेट भी दिया जाए। इस अवसर पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील रहने की हिदायत दी गई। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक का यह मानवीय और संवेदनशील रवैया लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा।

# शांति भंग की आशंका में 11 अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायालय भेजे

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**हसनपुर।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हसनपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी हसनपुर पंकज कुमार त्यागी के पर्यवेक्षण में की गई। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना हसनपुर पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।



पुलिस के अनुसार सभी अभियुक्तों को शांति भंग की आशंका के चलते बीएनएसएस की धारा 170/ 126/ 135 के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया है। बाद में सभी को उपजिलाधिकारी हसनपुर के न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में पीतम, चरन सिंह निवासी ग्राम शब्दलपुर शुमाली, हीरा निवासी सुल्तानठेर, रामपाल उर्फ गिरवर, महेंद्र, जयप्रकाश, उदल, मंगला निवासी ग्राम बाटूपुरा, हसीन व अयान निवासी ग्राम मोहम्मदाबाद तथा बिलाल निवासी ग्राम बुरावली शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और संभावित विवादों को रोकने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है। अभियान के तहत आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। इस गिरफ्तारी अभियान में उपनिरीक्षक लोहर सिंह, श्रीपाल सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अमित कुमार, कांस्टेबल आनंद कुमार, हेड कांस्टेबल अमित तथा कांस्टेबल रूपक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने आमजन से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए चेतावनी दी है कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जोया में नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह

## चेयरमेन ने फूल माला पहनाकर किया स्वागत जोया के ग्रामीणों को दिलाया विस्वास


**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**जोया ब्यूरो।** गुरुवार को जोया नगर पंचायत में देर शाम को हुआ शपथ ग्रहण समारोह




उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नगर पंचायत जोया में नामित सदस्यों को उप जिलाधिकारी चन्द्रकान्ता द्वारा कार्यालय परिसर में शपथ ग्रहण कराई गई शासन द्वारा नगर पंचायत जोया में तीन सभासदों को नामित किया गया था जिन में प्रमोद अग्रवाल, सीमा चौधरी, आकाश बाल्मीकि,थे, गुरुवार को नगर पंचायत जोया के सभागार में उक्त तीनों को उप जिलाधिकारी चन्द्रकान्ता ने शपथ दिलाई, इस अवसर पर नगर पंचायत जोया के अधिशासी अधिकारी विपिन सेंगर नगर पंचायत अध्यक्ष जुबेर अहमद, अमरोहा ब्लाक प्रमुख सरदार गुरेंद्र सिंह ढिल्लों , भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गिरीश त्यागी जी, जिला उपाध्यक्ष भूप सिंह बेनीवाल,एवं कृष्ण कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष जीत सिंह,अनुज कुमार,जीशान अहमद, विजय पांडे,जितेंद्र कुमार,राजवीर विश्वकर्मा ,माया गुप्ता, गिरीश गुप्ता, विपिन गुप्ता, प्रमोद चौधरी, मीनू गुप्ता, मधु कुमारी पारूल अग्रवाल, राजकुमार चंदेल अनुराग गुप्ता जोया नगर पंचायत के कई सभासद सहित सैकड़ो गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बिना मान्यता शिव पब्लिक स्कूल में चल रहा शिक्षा के नाम पर खेल,जर्जर वाहनों से बच्चों की जान जोखिम में







**दैनिक बुलंद मंज़िल /संवाददाता रामौतार शर्मा**


**संभल**/धनारी थाना क्षेत्र के छपरा गांव में शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करने वाला मामला सामने आया है। यहां शिव पब्लिक स्कूल के नाम से एक कथित स्कूल लंबे समय से बिना मान्यता व बिना पंजीकरण के संचालित किया जा रहा है, जहां बच्चों के भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ किया जा रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल का न तो कोई वैध रजिस्ट्रेशन है व न ही शिक्षा विभाग से कोई अनुमति, बावजूद इसके सैकड़ों बच्चों को पढ़ाने का दावा किया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि मौके पर पहुंचकर जब बच्चों से स्कूल का नाम पूछा गया, तो कई छात्र अपने ही स्कूल का नाम तक सही से नहीं बता पाए।जर्जर वाहनों से ढोए जा रहे बच्चे, बड़ा हादसा होने का खतरा मामले का सबसे गंभीर पहलू यह है कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को लाने-ले जाने के लिए जिन वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा है, वे बेहद जर्जर हालत में हैं। कई वाहनों का रजिस्ट्रेशन तक समाप्त हो चुका है, फिर भी उन्हीं कबाड़ जैसे वाहनों में बच्चों को ठूंस-ठूंसकर ढोया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सीधे-सीधे बच्चों की जान से खिलवाड़ है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।दबंगों पर अवैध संचालन का आरोप,गांव के लोगों ने आरोप लगाया है कि इस अवैध स्कूल का संचालन गांव के ही दबंग प्रवृत्ति के लोग भानु व सत्यजीत–द्वारा किया जा रहा है, जो अपनी दबंगई के दम पर वर्षों से इस धंधे को चला रहे हैं। शिकायत करने पर ग्रामीणों को डराया-धमकाया भी जाता है।शिक्षा विभाग अनजान, कार्यवाही का दावा जब इस पूरे मामले में बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा से बात की गई, तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि उन्हें इस स्कूल की कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी प्रशासन की कार्रवाई पर उठे सवाल एक ओर जिला प्रशासन द्वारा फर्जी और अवैध स्कूलों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर इस तरह के स्कूल खुलेआम संचालित होना प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में कब तक सख्त कदम उठाता है, या फिर बच्चों की जिंदगी यूं ही खतरे में डालकर अवैध स्कूल का खेल चलता रहेगा।

# तीन साल के मासूम बच्चे की इलाज के दौरान मौत

## परिजनों ने लगाया गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप







**भूरे सिंह यादव/बुलंद मंज़िल**

**सौंधन/संभल** । कैला देवी थाना के गांव सौंधन में निजी अस्पताल में भर्ती मासूम बच्चे की मौत थाना कैला देवी क्षेत्र के गांव करनपुर कायस्थ निवासी संजय उर्फ नन्हे अपने तीन वर्षीय पुत्र मोहित को बुखार आने पर सौंधन के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया ' बताया की डॉक्टर ने एक इंजेक्शन लगाया तो कोई फायदा नहीं हो तो दूसरा इंजेक्शन लगाया तो बच्चे की हालत बिगड़ गई तो डॉक्टर ने कहा की बच्चे को संभल ले जाओ ' परिजन आनन फानन में बच्चे को संभल निजी अस्पताल ले कर पहुंचे तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया ' पिता ने आरोप लगाया की मेरे बेटे को गलत इंजेक्शन लगाने से मौत हुई है ' बेटे की मौत होने पर मां अनीता का रो रो कर बुरा हाल परिवार में मचा कोहराम मां इकलौते बेटे की मौत होने पर दहाड़े मार कर अपने मासूम बच्चे की मौत पर सुध बुध खो रही थी मां रोते बिलखते कह रही थी की मरा मासूम तीन बहनों में दूसरे नंबर का था मासूम मोहित ' परिजनों ने सौंधन पहुंच कर हंगामा किया तो ' सौंधन चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई सूचना पर थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे गए ' पिता संजय उर्फ नन्हे मासूम बच्चे का पोस्टमार्टम कराने से किया इनकार ' थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा ने बताया की अगर तहरीर मिलती है तो विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# शौर्य और पराक्रम के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की शोभायात्रा के लिए भव्य स्वागत समारोह:

## क्षेत्र में एकता और स्वाभिमान का संदेश अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला

**अनिल चौधरी/बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** शौर्य और पराक्रम के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की आगामी शोभायात्रा को लेकर समाज में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में आज गौशाला रोड, बेनीराम बाग स्थित प्रसिद्ध बाल हनुमान जी मंदिर परिसर में एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शोभायात्रा के अध्यक्ष अनिल सिसोदिया संयोजक संदीप सिसोदिया और उनकी पूरी टीम का क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों द्वारा भावपूर्ण अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत बाल हनुमान जी के दर्शन और वंदन के साथ हुई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शोभायात्रा के अध्यक्ष अनिल सिसोदिया एवं उनकी पूरी कार्यकारिणी का स्वागत किया गया। आयोजन





समिति के सदस्यों दीपक गुप्ता, अजीत शर्मा, पवन अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, रमेश चंद्र भारती, कालू लाला, कानू शर्मा, शिवम शर्मा, मयंक शर्मा और अंकुर गुप्ता ने सभी अतिथियों को साफा (पगड़ी) पहनाकर और फूलों की मालाएं अर्पित कर उनका सम्मान किया। समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक समाज के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के गौरव हैं। उनकी स्मृति में निकलने वाली यह शोभायात्रा क्षेत्र में एकता और स्वाभिमान का संदेश देगी। अध्यक्ष अनिल सिसोदिया ने इस सम्मान से अभिभूत होकर कहा कि जनता का यह प्रेम और सहयोग ही हमारी असली ताकत है, और हम इस भव्य आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर स्वागत समारोह में मुख्य रूप योगेंद्र सिंह गहलोत, छोटू राणा, यवन चौहान, विकाश सिंह पौरुष, गौरव ठाकुर, रजत चौधरी, मोना ठाकुर उपस्थित रहे।समारोह के अंत में सभी ने एक स्वर में महाराणा प्रताप के जयघोष किए, जिससे पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित जनसमूह ने आगामी शोभायात्रा को सफल बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

# कामयाबी : ग्राम महौ के उपदेश कुमार बने जिला समाज कल्याण अधिकारी, क्षेत्र में हर्ष, युवाओं के लिए बने प्रेरणा स्रोत

## -साधारण परिवार से उठकर हासिल की बड़ी सफलता, बने पीसीएस अधिकारी,

**अनिल चौधरी/बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** ग्राम महौ, सासनी-जलेसर मार्ग निवासी उपदेश कुमार के उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस-2024 परीक्षा में जिला समाज कल्याण अधिकारी पद पर चयन होने से पूरे गांव व क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। उनके चयन की खबर मिलते ही परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों ने उनके आवास पर एकत्र होकर मिष्ठान वितरण कर जश्न मनाया।



श्री उपदेश कुमार, श्री गुरु वचन सिंह के पुत्र हैं। उनके पिता किसान होने के साथ-साथ आयुर्वेदिक वैद्य का कार्य करते हैं, जबकि उनकी माता गृहिणी हैं। साधारण परिवार से आने वाले उपदेश कुमार ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर यह सफलता हासिल की है।

उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा आदर्श इंटर कॉलेज, महौ से प्रथम श्रेणी में पूर्ण की। इसके बाद वर्ष 2016 में दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, आगरा से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक उत्कृष्ट श्रेणी में उत्तीर्ण किया। कुछ वर्षों तक निजी क्षेत्र में इंजीनियर के रूप में कार्य करने के बाद उन्होंने समाज सेवा की भावना से सिविल सेवा की तैयारी शुरू की।

उन्होंने यूपीएससी में दो बार लिखित परीक्षा तथा एक बार साक्षात्कार तक का सफर तय किया, हालांकि अंतिम सूची में स्थान नहीं बना सके। वहीं यूपी पीसीएस में भी दो बार मुख्य परीक्षा तक पहुंचे और वर्ष 2024 में साक्षात्कार के बाद उनका चयन जिला समाज कल्याण अधिकारी पद पर हुआ। वर्तमान में वे तहसील पटियाली, जनपद कासगंज में लेखपाल के पद पर कार्यरत हैं और साथ ही पीसीएस 2025 की मुख्य परीक्षा दे रहे हैं। उनका लक्ष्य आईएएस अधिकारी बनकर समाज के निचले तबके के लोगों को सम्मान दिलाना और निर्धनों की सेवा करना है।

उनके मित्र इंजीनियर जैन ने बताया कि उपदेश कुमार की सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालय में पढ़कर भी यदि इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प हो, तो कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। संघर्ष के उतार-चढ़ाव को पार करना ही सफलता की कुंजी है। उपदेश कुमार चार भाइयों में से एक हैं। उनके बड़े भाई फरीदाबाद में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर हैं, जबकि छोटे भाई उच्च शिक्षा व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हैं। परिवार के सभी सदस्य शिक्षा के प्रति समर्पित हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है।

# सिखरा में शराब ठेके के खिलाफ फूटा गुस्सा, सैकड़ों ग्रामीण डीएम से आज करेंगे शिकायत

## -22 साल पुराने ठेके को हटाने की मांग तेज; मंदिर और अंबेडकर प्रतिमा के पास निर्माण से बढ़ा आक्रोश

**अनिल चौधरी /बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** सहपऊ क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पिछले करीब 22 वर्षों से देसी शराब का ठेका संचालित हो रहा है, जिससे गांव का सामाजिक माहौल लगातार बिगड़ता जा रहा है। पहले यह ठेका किराए के स्थान पर संचालित होता था, लेकिन अब ठेका संचालक द्वारा निजी भूमि खरीदकर स्थायी दुकान का निर्माण कराया जा रहा है। इसी बात को लेकर



ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित ठेके के पास ही एक धार्मिक मंदिर स्थित है, वहीं संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के साथ एक पार्क भी बना हुआ है। ऐसे संवेदनशील स्थान के पास शराब की दुकान का निर्माण करना सामाजिक और धार्मिक दृष्टि से अनुचित है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि इस शराब के ठेके के कारण गांव के अधिकांश परिवार प्रभावित हो रहे हैं। युवाओं में शराब की लत बढ़ती जा रही है, जिससे घर-घर में विवाद की स्थिति बन रही है। महिलाओं को विशेष रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मेहनत-मजदूरी कर घर चलाने वाले लोग अपनी कमाई शराब में खर्च कर देते हैं, जिससे बच्चों का पालन-पोषण भी प्रभावित हो रहा है। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। वहीं प्रशासन ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# मधुमक्खियों का कहर: खेत जा रहे व्यक्ति पर झुंड का हमला, इलाज के दौरान मौत

## -इगलास क्षेत्र के कैमावली गांव की घटना, परिजनों में मचा कोहराम

**अनिल चौधरी/बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** अलीगढ़। (हाथरस) इगलास क्षेत्र के गांव कैमावली में खेत पर जा रहे एक व्यक्ति पर मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिससे परिवार में मातम छा गया।

जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के गांव कैमावली निवासी व्यक्ति खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उस पर हमला बोल दिया। मधुमक्खियों ने उसके शरीर के कई हिस्सों पर डंक मार दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। घटना के समय आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने उसे किसी तरह बचाया और



तत्काल के जिला बागला अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। वहां मौजूद डॉक्टरों ने उसे बचाने के लिए भरसक प्रयास किए, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही अस्पताल में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। अस्पताल प्रशासन ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, खेतों के आसपास बड़ी संख्या में मधुमक्खियों के छत्ते हैं, जिससे इस तरह की घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है।

# रोटी से रिश्ते तक : निस्वार्थ रोटी बैंक सेवा के 3000 दिन पूरे, आठ वर्षों से निरंतर सेवा जारी

## -सैकड़ों जरूरतमंदों को रोजाना भोजन उपलब्ध कराने का लिया गया है संकल्प

**अनिल चौधरी/बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** निस्वार्थ सेवा संस्थान द्वारा संचालित रोटी बैंक सेवा ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपने 3000 दिन सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिए हैं। जनवरी 2018 में शुरू हुई यह सेवा पिछले आठ वर्षों से अधिक समय से बिना किसी रुकावट के लगातार जारी है। यह उपलब्धि सेवा, समर्पण और मानवता की सशक्त मिसाल बनकर उभरी है। शुरूआत में यह पहल कुछ लोगों के छोटे प्रयास के रूप में शुरू हुई थी। सीमित संसाधनों के बावजूद सेवा का संकल्प मजबूत रहा। समय के साथ यह अभियान लोगों से जुड़ता गया और आज यह एक बड़े परिवार का रूप ले चुका है, जिसमें कई स्वयंसेवक, सहयोगी और



दानदाता सक्रिय रूप से जुड़े हैं। इस अवसर पर अन्न क्षेत्र, गांधी पार्क तिराहा स्थित रोटी बैंक परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता चौधरी एवं पूर्व सांसद राजेश दिवाकर रहे। संस्थान के पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरूआत जरूरतमंदों को ठंडे दूध के वितरण से हुई। इसके बाद संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। जरूरतमंदों के लिए विशेष भोजन की व्यवस्था की गई और अंत में अंगवस्त्र वितरित किए गए। संस्थान के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने केक काटकर इस उपलब्धि का उत्सव मनाया।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए, और इसी लक्ष्य के साथ सेवा कार्य लगातार जारी है। उन्होंने सभी सहयोगियों, दानदाताओं और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया।

मुख्य अतिथि श्वेता चौधरी ने संस्थान के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि 3000 दिनों तक निरंतर सेवा करना समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। इस अवसर पर संस्था के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें नीरज गोयल, सीए प्रतीक अग्रवाल, हिमांशु गौड़, चंद्र प्रकाश अग्रवाल, सारांश टालीवाल, तरुण राघव, निष्कर्ष गर्ग सहित अन्य लोग शामिल रहे।


# उपभोक्ताओं की आफत बना स्मार्ट मीटर: निगेटिव बैलेंस ने छीनी उपभोक्ताओं की नींद,

## जनसेवार्थ मंच ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, स्मार्ट मीटर की तकनीकी खामियों से उपभोक्ता परेशान,

**अनिल चौधरी/बुलंद मंजिल**

**हाथरस।** स्मार्ट मीटर के कारण हो रही बिजली कटौती से आम लोगों को हो रही भारी परेशानियों को लेकर जनसेवार्थ मंच के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपा। मंच ने बिजली विभाग की तकनीकी कमियों को उजागर करते हुए तत्काल बिजली डिस्कनेक्शन पर रोक लगाने की मांग की है। मंच के संयोजक आशीष सेंगर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एसडीएम सदर राजबहादुर सिंह से मुलाकात कर बताया कि जिले में पुराने मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, लेकिन उपभोक्ताओं की सहमति नहीं ली गई और न ही उन्हें इसके उपयोग की पर्याप्त जानकारी दी गई। ज्ञापन में कहा





जन सेवार्थ मंच
(जनजागरण एवं विकास संस्थान से संबद्ध)
पत्रांक : 006/2026
दिनांक :— 01 अप्रैल 2026
सेवा में
आदरणीय उपजिलाधिकारी महोदय
तहसील सदर, जनपद हाथरस।
विषय— बिजली विभाग के स्मार्ट मीटर से कनेक्शन कटने सम्बन्धी समस्याओं को रोकने के संबंध में।
सादर धन्यवाद सहित!
भवदीय
आशीष सेंगर
संयोजक— जन सेवार्थ मंच
Email -jansevartmanch@gmail.com

गया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को अचानक बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली कटने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। रिचार्ज न होने पर बिजली सप्लाई तुरंत बंद कर दी जाती है, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। उपभोक्ता बिजली विभाग के कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। कार्यकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि रिचार्ज कराने के बाद भी कई घंटों तक बिजली बहाल नहीं होती, जबकि कुछ मामलों में 24 घंटे तक इंतजार करना पड़ता है। इससे स्पष्ट है कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर प्रणाली में तकनीकी खामियां हैं। मंच ने मांग की कि जब तक तकनीकी व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त न हो जाए, तब तक बिजली कटौती पर रोक लगाई जाए। साथ ही उपभोक्ताओं को कम से कम दो महीने का ग्रेस पीरियड दिया जाए और स्मार्ट मीटर के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाए।

इस दौरान नारायण लाल, श्री भगवान वर्मा, हरप्रसाद माहौर, मनीष कूलवाल, वीरेंद्र माहौर, सोहन सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सैफनी नगर में हनुमान जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

**दैनिक बुलंद मंजिल/ सिंहराज सागर**

**सैफनी।** देशभर में गुरुवार को हनुमान जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। इस कड़ी में सैफनी नगर में भी श्रद्धालुओं में हर्ष का माहौल है। राजधानी के मशहूर और प्राचीन हनुमान मंदिरों से शोभायात्रा निकाली जा रही है, हजारों की संख्या में हिन्दू श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।इसी कड़ी में रामपुर जिले के सैफनी नगर में जन्मोत्सव को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया





गया। इस दौरान गुरुवार को शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।शोभायात्रा में शामिल भक्तों ने बताया कि शोभायात्रा पूरे सैफनी नगर में घूमी।क्षेत्रवासियों का खूब समर्थन मिल। यात्रा के दौरान शोभा यात्रा पर पुष्प की वर्षा की जा रही थी।इस यात्रा में शामिल एक अन्य ने बताया कि मयार्दा पुरुषोत्तम राम के परम भक्त अंजनी पुत्र महावीर का आज जन्मोत्सव है। जिसको लेकर लोगों ने कार्यक्रम का आयोजन किया था।शोभायात्रा माता चौराहे वाली से शुरू होकर माता बेला भवानी मंदिर पर जाकर संपन्न हुई।इस दौरान हनुमान जी को भोग लगाया गया।इस दौरान महंत श्री शिवम कुमार,महेश चन्द्र ,डॉ कृपाल सिंह सैनी,आकाश पुष्कर, प्रमोद कश्यप, हरज्ञान सिंह, उमेश, प्रशांत, अर्पित, नन्हे फूल माली आदि भक्तगण मौजूद रहे।वहीं सुरक्षा के मद्देनजर सैफनी थाना अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

# बिचपुरी लालची गाँव में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**दैनिक बुलंद मंजिल /सिंहराज सागर**

**सैफनी।** क्षेत्र के बिचपुरी लालजी गाँव में गुरुवार को टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ह्ल100 दिवसीय सघन टीबी अभियानह्व के अंतर्गत स्थानीय सरकारी स्कूल में लगाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।शिविर में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के लोगों की व्यापक स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर ही संभावित मरीजों के नमूने लिए और आवश्यक चिकित्सीय परामर्श भी दिया।इस दौरान



ग्रामीणों को टीबी के लक्षण, समय पर जांच और नियमित इलाज के महत्व के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। साथ ही पौष्टिक आहार और स्वच्छ जीवनशैली अपनाने की भी सलाह दी गई। कार्यक्रम में डिजिटल व्यवस्था के तहत लैपटॉप और आधुनिक उपकरणों का उपयोग कर मरीजों का डेटा दर्ज किया गया। जिससे रिपोर्ट और फॉलो-अप प्रक्रिया को व्यवस्थित बनाया जा सके।शिविर में चिकित्सा अधीक्षक शाहबाद डॉ. मोहित रस्तोगी, एसटीएस जतिन शर्मा, एलटी गौरव व शोएब तथा सीएचओ जोगेंद्र सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के शिविरों से गांव स्तर पर ही बीमारी की समय रहते पहचान हो जाती है। स्वास्थ्य विभाग ने आश्वस्त किया कि जिन लोगों में टीबी के लक्षण पाए जाएंगे, उनका पूरा इलाज सरकार द्वारा निशुल्क कराया जाएगा।

# चाचू नांगल विद्यालय में मनाया गया वार्षिक उत्सव बच्चों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

## कक्षा 8 के बच्चों की विदाई के समय रहा भावुक पल







**भूरे सिंह यादव/बुलंद मंज़िल सौंधन/संभल** । पंवासा विकासखंड के चाचू नांगल स्थित कंपोजिट विद्यालय में गुरुवार को वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम रखा गया ' कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय कार्यकारिणी के अध्यक्ष जसवीर द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया ' उसके बाद छात्र-छात्राओं ने तमाम तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय इंचार्ज अध्यापिका संघमित्रा ने बच्चों के अभिभावकों से नए बच्चों के दाखिले के लिए प्रेरित किया तथा समस्त कक्षा में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर उत्तरण होने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ' तो वहीं पूरे साल अनुशासन तथा आदर्श छात्र-छात्रा के रूप में रहे बच्चों को भी सम्मानित किया गया। सभी बच्चों को अंक पत्र वितरित किए गए तथा कक्षा 8 के बच्चों की विदाई की गई जिसमें कक्षा 7 के छात्राओं ने तिलक लगाकर अपने साथी सीनियर बच्चन की विदाई की विदाई के दौरान विद्यालय परिवार में भावुकता नजर आई। इस दौरान विद्यालय इंचार्ज अध्यापिका संघमित्रा,हिमांशु रंजन,सोनिया, रश्मि शर्मा,शशी जैन,आदित्य चौबे, भूरे सिंह यादव,राजपाल यादव, कविता आदि शिक्षक शिक्षाएं उपस्थित रहे

# सौंधन में स्कूल चलो अभियान चला कर निकाली गई रैली






**भूरे सिंह यादव/बुलंद मंज़िल संभल/सौंधन** । संभल तहसील क्षेत्र के गांव सौंधन मोहम्मदपुर शिक्षा के प्रतिजन जागरुकता बढ़ाने और शत प्रतिशत नामांकन करने के उदेश्य से गुरुवार को रामनिवास उदयवीर सिंह स्मारक इण्टर एवं उच्चतर प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय के छात्र छात्राओं ने स्कूल चलो अभियान रैली निकाल कर किया जागरूक, रामनिवास उदयवीर सिंह स्मारक इण्टर कॉलेज के प्रबंधक ओमकार सिंह यादव के नेतृत्व में विद्यालय से छात्र छात्राओं द्वारा स्कूल चलो अभियान चलाया गया गांव में रैली निकाल कर किया गया जागरूक के मुख्य मार्गो से होते हुए निकाली गई रैली उ0 प्रा0 वि0 कंपोजिट विद्यालय के भी बच्चों ने स्कूल चलो अभियान चलाया गया बच्चों ने हाथो बेनर लेकर आधी रोटी खाएंगे स्कूल जरूर जाएंगे पढ़ी लिखी लड़की रोशनी घर की के नारों से माहौल गूंज उठा शिक्षकों ने अभिभावकों से अनुरोध किया कि बच्चों को शिक्षा जरूर दिलाएं और कहा की गांव व क्षेत्र का बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे कहा की बच्चों का नामांकन शतप्रतिशत करना अनिवार्य रूप से विद्यालय में कराया जाए शिक्षकों ने सरकारी योजनों की जानकारी भी दी प्रधानाध्यापक रामभरोसे राणा अध्यक्ष होराम सिंह श्री राम सिंह यादव,अब्दुल कादिर,फुरकान अली, जसवीर सिंह यादव, ओमप्रकाश सिंह,जाकिर हुसैन विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# टाटा मैजिक ने बस कंडक्टर और सवारी को मारी टक्कर, दोनों की हुई मौत

**बुलंद मंज़िल**

**शाहाबाद रामपुर।** मामला तहसील क्षेत्र का है जहां दिल्ली से शाहबाद रूट पर चलने वाली एक निजी बस गुरुवार तड़के 5 बजे बड़ागांव चौराहे पर रुकी। इसी बीच बस का हेल्पर रिजवान (32) और कुछ सवारियां सामान उतार रही थीं। इसी दौरान शाहबाद नगर के मोहल्ला कानून गौयान निवासी अरशद (25) भी अपना सामान देखने के लिए बस से उतरे, इसी दौरान बिलारी की ओर से आ रही तेज रफ्तार टाटा मैजिक ने अनियंत्रित होकर उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में शाहबाद के मोहल्ला कानून गोयान निवासी सवारी अरशद (25) व थाना शहजादनगर निवासी हेल्पर रिजवान (40) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, शाहबाद के मित्तरपुर निवासी विशाल और खरसोल निवासी कासिम मामूली चोटें आई हैं। जनपद संभल के असमोली निवासी टाटा मैजिक चालक वसीम भी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने रिजवान और अरशद को मृत घोषित कर दिया। गंभीर घायल चालक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। अरशद की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन रोते बिलखते शाहबाद सीएचसी पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बड़ा हादसा होते-होते टला

# मिट्टी से भरे एक तेज रफ्तार डंपर ने दो मोटरसाइकिल सवार युवकों को कुचलने की कोशिश की



**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) के कार्य में लगे मिट्टी से भरे एक तेज रफ्तार डंपर ने दो मोटरसाइकिल सवार युवकों को कुचलने की कोशिश की। यह घटना मूंढापांडे थाना क्षेत्र के ग्राम खबड़िया भूड़ की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार,दोनों युवक जंगल से चारा लेकर अपने घर वापस लौट रहे थे। उसी दौरान अचानक मिट्टी से लदे डंपर चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक पर चढ़ा दिया। गनीमत रही कि दोनों युवक बाल-बाल बच गए,वरना यह घटना एक बड़े हादसे का रूप ले सकती थी।

घटना के बाद स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों का कहना है कि NHAI के तहत चल रहे कार्यों में लगे भारी वाहन अक्सर तेज रफ्तार और लापरवाही से चलते हैं, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों की जान को खतरा बना रहता है।

वहीं, जब इस मामले में डिस्पेल कंपनी के मैनेजर से बातचीत की गई, तो उन्होंने समझौते की बात कही। उनका कहना है कि दोनों बाइक सवार युवकों को उनकी क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल का मुआवजा दे दिया गया है और मामले को आपसी सहमति से सुलझा लिया गया है।

हालांकि, इस घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और निर्माण कार्यों में बरती जा रही लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय प्रशासन से मांग की जा रही है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

**वही जब हमने इस मामले में खनन अधिकारी से बात करना चाही तो तीन बार कॉल करने के बाद भी नहीं उठा उनका सीयूजी नम्बर पर कॉल,अब देखना इसमे यह होगा कि इस मामले में क्या प्रसाशन करता है कोई बड़ी कार्रवाई,या फिर इस पूरे मामले को रफादफा कर दबा दिया जाएगा।**



## इराक, रिपब्लिक ऑफ कांगो ने फीफा वर्ल्ड कप के लिए किया क्वालिफाई

*मॉन्टेरी, मेक्सिको। इराक और डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो ने मंगलवार को बोलीविया और जमैका पर प्लेऑफ जीत के बाद फीफा वर्ल्ड कप फ़ाइनल में जगह पक्की कर ली। आयमान हुसैन ने दूसरे हाफ में गोल करके इराक को मोंटेरी में बोलीविया पर 2-1 से जीत दिलाई, जिससे टूर्नामेंट में वापसी का 40 साल का इंतज़ार खत्म हुआ।*

### खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स

# शिलांग की युवा एथलीट बेथलीन माकरी ने जीता कांस्य पदक



**एजेंसी ■ जगदलपुर**

जनवरी 2026 में रेस-वॉक शुरू करने वाली शिलांग की युवा एथलीट बेथलीन माकरी ने स्वयं पर यकीन रखते हुए खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में कांस्य पदक जीता।

पिछले साल 29 दिसंबर 2025 को शिलांग के साई के स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर में बेथलीन ग्रेस माकरी के कोच ने अचानक इस युवा एथलीट में एक रेस-वॉक एथलीट बनने की काबिलियत देखी। हालांकि बेथलीन खुद इस स्पर्धा के बारे में लगभग कुछ भी नहीं जानती थी और इसकी तकनीकी बारीकियों की तो बात ही छोड़ दें। पिछले साल तक, मेघालय की यह युवा एथलीट एक मिडिल और लॉन्ग-डिस्टेंस रनर के तौर पर मुकाबला कर रही थीं। लेकिन 2026 की शुरुआत में, उसे अपना खेल बदलने के लिए कहा गया जिसने उसकी शारीरिक और मानसिक, दोनों तरह की ताकत की परीक्षा ली। बेथलीन ने महिलाओं की रेस-वॉक स्पर्धा में 1:05:18 का समय निकालकर कांस्य पदक जीता। वह झारखंड की नेहा ज़ालक्सो (1:04:02) और ओडिशा की एलीश एक्का (1:04:59) के बाद तीसरे स्थान पर रहीं।


# इटली तीसरी बार वर्ल्ड कप से बाहर

## फीफा वर्ल्ड कप में दिग्गज टीमों के नहीं होने से नया दौर शुरू

**एजेंसी ■ मेक्सिको**

इस साल के फीफा वर्ल्ड कप के लिए बची हुई जगहों पर मंगलवार को फैसला हो गया। इससे लगभग तीन साल तक चले क्वालिफाइंग कैंपेन का अंत हो गया और टूर्नामेंट के पहले 48 टीमों वाले एडिशन के लिए माहौल तैयार हो गया। यह कॉम्पिटिशन 11 जून से 19 जुलाई तक यूनाइटेड स्टेट्स, मेक्सिको और कनाडा में होगा। इस बड़े फॉर्मेट ने नए दावेदारों के लिए दरवाज़े खोल दिए हैं, जबकि कई जानी-मानी ताकतवर टीमें और हाई-प्रोफाइल खिलाड़ी बाहर हैं।

इटली लगातार तीसरा वर्ल्ड कप मिस करेगा, क्योंकि वह बोस्निया और हर्जेगोविना से पेनल्टी में अपना प्लेऑफ फाइनल हार गया था। दूसरी तरफ, अफ्रीका में नाइजीरिया की गैरमौजूदगी साफ दिख रही है, क्योंकि सुपर ईगल्स टॉप यूरोपियन लीग से चुनी गई टीम के बावजूद एक कॉम्पिटिटिव क्वालिफाइंग कैंपेन नहीं खेल पाए। पिछले 11 सालों में दो बार कोपा अमेरिका चैंपियन रहा चिली भी इस टूर्नामेंट से बाहर हो गया क्योंकि उसकी गोल्डन जेनरेशन के खिलाड़ी अब नहीं खेल रहे हैं। पोलैंड भी एक और बड़ी चूक है, जो स्वीडन से अपना प्लेऑफ फ़ाइनल हार गया था, जबकि 2014 में क्वार्टर फ़ाइनलिस्ट रहा कोस्टा रिका भी खराब कॉनकाकाफ जोन क्वालिफाइंग कैंपेन के बाद 2010 के बाद पहली बार बाहर हो गया।



### फीफा वर्ल्ड कप 2026 में 48 टीमें लेंगी भाग

फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए 48 टीमों ने क्वालीफाई किया है।

ग्रुप ए : मेक्सिको, दक्षिण कोरिया, दक्षिण अफ्रीका, चेक रिपब्लिक
ग्रुप बी : कनाडा, स्विट्जरलैंड, कतर, बोस्निया और हर्जेगोविना
ग्रुप सी : ब्राजील, मोरक्को, स्कॉटलैंड, हैती
ग्रुप डी : यूनाइटेड स्टेट्स, ऑस्ट्रेलिया, पैराग्वे, टर्की
ग्रुप ई : जर्मनी, कुराकाओ, कोटे डी आइवर, इक्काडोर
ग्रुप एफ़ : नीदरलैंड्स, जापान, ट्यूनीशिया, स्वीडन
ग्रुप जी : बेल्जियम, ईरान, मिस्र, न्यूजीलैंड
ग्रुप एच : स्पेन, उरुग्वे, सऊदी अरब, केप वर्डे
ग्रुप आई : फ्रांस, सेनेगल, नॉर्वे, इराक
ग्रुप जे : अर्जेंटीना, ऑस्ट्रिया, अल्जीरिया, जॉर्डन
ग्रुप के : पुर्तगाल, कोलंबिया, उज़्बेकिस्तान, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ़ द कांगो
ग्रुप एल : इंग्लैंड, क्रोएशिया, पनामा, घाना

### एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

# विश्वनाथ सुरेश और सचिन क्वार्टरफाइनल में





**एजेंसी ■ उलानबटार (मंगोलिया)**

भारतीय मुक्केबाज विश्वनाथ सुरेश ने (50 किग्रा) भार वर्ग और सचिन 60 किग्रा भार वर्ग के अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए बुधवार को एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। आज यहां हुए मुकाबले में विश्वनाथ सुरेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए किर्गिस्तान के बेकज़ात एर्गेशोव पर 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अब उनका मुकाबला कजाकिस्तान के संझार ताशकेनबे से होगा, जो इस वर्ग के मौजूदा विश्व चैंपियन हैं। इस बीच, सचिन ने मंगोलिया के बुयांदलाई बायारखू पर 4-1 के विभाजित निर्णय से जीत दर्ज की और अब अपने क्वार्टर-फ़ाइनल मुकाबले में चीनी ताइपे के चेंग-वेई ली का सामना करेंगे।

महिला वर्ग में भारत की प्रिया (महिलाओं का 60 किग्रा), प्रीति पंवार (महिलाओं का 54 किग्रा) और दीपक (पुरुषों का 70 किग्रा) ने भी अपने-अपने पहले दौर के मुकाबले जीते, जबकि जादुमणि सिंह (पुरुषों का 55किग्रा) टूर्नामेंट की शुरुआत में ही अपना मैच हार गए थे। ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75किग्रा) और पूर्व विश्व चैंपियन निखत जरीन (51किग्रा) को टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही अपने-अपने शुरुआती दौर में %बाय% (सीधे अगले दौर में प्रवेश) दे दिया गया था। आदित्य प्रताप सिंह गुरुवार को पुरुषों के 65किग्रा वर्ग में सऊदी अरब के मूसा अलहवसाव का सामना करेंगे। मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा और जैस्मीन लंबोरिया, साथ ही ओलंपियन पूजा रानी भी भारत की टीम का हिस्सा हैं और वे बाद में अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

# सीएपीएफ विधेयक व स्मार्ट मीटर पर सांसद चंद्रशेखर आजाद का सरकार से सीधा सवाल

## संसद में गूंजी जनता और जवानों की आवाज

**बुलंद मंज़िल /उप जिला प्रभारी मौहम्मद फैजान**

**धामपुर।** संसद में सीएपीएफ (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026 पर चर्चा के दौरान नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद ने देश के सुरक्षा बलों से जुड़े अहम मुद्दों को मजबूती के साथ उठाया। अपने संबोधन में उन्होंने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (उअढक्र) के जवानों के अधिकार, सुविधाओं और प्रशासनिक पारदर्शिता को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रश्न सरकार के सामने रखे।सांसद ने कहा कि देश की सीमाओं और आंतरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने वाले जवान कठिन परिस्थितियों में अपनी सेवाएं देते हैं, लेकिन उन्हें अपेक्षित सुविधाएं और सम्मान नहीं मिल पाता। उन्होंने बलों में कार्यरत जवानों के लिए बेहतर आवास, स्वास्थ्य सुविधाएं, समय पर अवकाश और परिवार से जुड़े कल्याणकारी प्रावधानों को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासनिक ढांचे में पारदर्शिता की कमी के कारण कई बार जवानों की समस्याएं समय पर हल नहीं हो पातीं। इस विधेयक के माध्यम से यदि पारदर्शिता और जवाबदेही






सुनिश्चित की जाए तो इससे जवानों का मनोबल बढ़ेगा और कार्यक्षमता में भी सुधार होगा। सांसद चंद्रशेखर ने सरकार से मांग की कि वह इस विधेयक को लागू करते समय जमीनी स्तर पर मौजूद समस्याओं को ध्यान में रखे और जवानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे।उन्होंने अपने भाषण के अंत में कहा कि संसद केवल कानून बनाने का मंच नहीं, बल्कि जनता और जवानों की आवाज को उठाने का माध्यम भी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे आगे भी इसी तरह जनहित और सुरक्षा बलों के हितों से जुड़े मुद्दों को सदन में उठाते रहेंगे।

**पहले पैसे दो, फिर बिजली लो –**

**स्मार्ट मीटर पर संसद में गूंजी आम जनता की आवाज**

**धामपुर।** संसद में स्मार्ट मीटर व्यवस्था को लेकर आज जोरदार बहस देखने को मिली, जहां नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद ने इस प्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए इसे आम जनता के लिए आर्थिक रूप से बोझिल बताया। सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि स्मार्ट मीटर के तहत लागू ह्लप्रीपेडह्व व्यवस्था के कारण उपभोक्ताओं को पहले भुगतान करना होगा और उसके बाद ही बिजली का उपयोग कर सकेंगे। उन्होंने इसे गरीब और मध्यम वर्ग के लिए बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि पहले से ही महंगाई से जूझ रही जनता पर यह एक अतिरिक्त दबाव है। उन्होंने सवाल किया कि क्या अब देश में बिजली जैसी बुनियादी आवश्यकता भी ह्लपहले भुगतानह्व की शर्त पर निर्भर हो जाएगी? क्या सरकार इस बात पर विचार कर रही है कि जिन लोगों की आय सीमित है, वे इस व्यवस्था में कैसे खुद को ढाल पाएंगे? सांसद चंद्रशेखर आजाद ने यह भी कहा कि स्मार्ट मीटर के नाम पर पारंपरिक व्यवस्था को खत्म करना बिना पर्याप्त जागरूकता और तैयारी के सही नहीं है। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार को इस योजना को लागू करने से पहले व्यापक जनसंवाद करना चाहिए और उपभोक्ताओं की समस्याओं को समझना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस नीति की समीक्षा की जाए और ऐसी व्यवस्था बनाई जाए जिससे आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े।अपने भाषण के अंत में उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को संसद तक पहुंचाना ही जनप्रतिनिधि का सबसे बड़ा कर्तव्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे आगे भी आम जनता से जुड़े मुद्दों को इसी तरह मजबूती से उठाते रहेंगे।

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर पीएनबी के सामने चल रहा धरना अधिकारियों के आश्वासन पर समाप्त





**दैनिक बुलंद मंज़िल सलीम हैदर**

**बरुकी।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता पंजाब नेशनल बैंक बरूकी के प्रांगण में पंजाब नेशनल बैंक के कर्मचारियों की कार्यप्रणाली एवं अन्य विभिन्न मांगों को लेकर धरना देकर बैठ गए। भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक एवं सहकारी बैंक की स्थानीय शाखाओं की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए किसानों का उत्पीड़न एवं शोषण करने का आरोप लगाया तथा पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक को दो घंटे धरना स्थल पर बैठाए रखा। भारतीय किसान यूनियन कार्यकताओं ने शादीपुर एवं पीली चौकी विद्युत गृह के अभियंताओं के धरना स्थल पर मौजूद न होने एवं उनकी कार्यप्रणाली पर भी आपत्ति जताते हुए समय पर किसानों का कार्य न करने पर खरी खोटी सुनाई। बरुकी में पानीपत खटीमा नेशनल हाईवे द्वारा फ्लाईओवर के दोनों ओर सर्विस रोड पर पुलिया निर्माण करने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए पुलिया शीघ्र निर्माण करने की मांग की। बरुकी में सोमवार और शुक्रवार को लगने वाले दोनों साप्ताहिक बाजारों में भीड़ अधिक होने से जाम लगने की स्थिति से निपटने के लिए सहकारी संघ, सहकारी समिति, मंडी समिति एवं पानी की टंकी के प्रांगण में बाजार लगवाने की भी जिला प्रशासन से मांग की। संगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष बृजेश काकरान की अध्यक्षता एवं तिलकराम खोबे के संचालन हुए धरने में कामेंद्र सिंह, चमन सिंह, हेमराज सिंह,वरुण सिंह, बनवारी लाल, मुकेश कुमार आदि ने अपने विचार रखे।

# मिशन शक्ति का बिगुल : गांव अंजूपुरा जट में हीमपुर दीपा पुलिस ने जगाई जागरूकता, महिलाओं को सिखाए सुरक्षा के गुर

**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर/ हीमपुर दीपा ।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत थाना हीमपुर दीपा पुलिस ने गुरुवार को ग्राम अंजूपुरा जट में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस टीम ने गांव की महिलाओं और बालिकाओं को एकत्रित कर उन्हें उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का नेतृत्व महिला उपनिरीक्षक मुन्नी राठी ने किया, जिनके साथ उपनिरीक्षक सुमित कुमार, महिला हेड कांस्टेबल संगीता चौधरी और महिला कांस्टेबल रेनू राठी भी मौजूद रहीं। टीम ने बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति पर खुलकर चर्चा करते हुए इसके दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और इसे रोकने के लिए सभी से आगे आने की अपील की। पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ और उत्पीड़न के मामलों में बिना डर के






आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें 181 (महिला हेल्पलाइन), 1090 (वूमेन पावर लाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 102 (स्वास्थ्य सेवा), 108 (एंबुलेंस), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) और 1930 (साइबर हेल्पलाइन) शामिल हैं। कार्यक्रम में साइबर अपराधों पर भी विशेष जोर दिया गया। महिलाओं और बालिकाओं को मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के जरिए होने वाले अपराधों–जैसे अश्लील मैसेज, ऑनलाइन उत्पीड़न और धोखाधड़ी–से बचाव के तरीके बताए गए। साथ ही यह भी समझाया गया कि ऐसे मामलों में तुरंत शिकायत कैसे दर्ज कराई जाए और पुलिस किस तरह कार्रवाई करती है। इस अवसर पर पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं की समस्याएं भी सुनीं और उनके समाधान का भरोसा दिलाया। ग्रामीण महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के अभियान से उन्हें अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक होने का मौका मिलता है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत ऐसे जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाए जाएंगे, ताकि हर महिला खुद को सुरक्षित और सशक्त महसूस कर सके।

# आभा फाउंडेशन ने 500 छात्राओं को बांटी साइकिलें, शिक्षा व महिला सशक्तिकरण को मिला बढ़ावा

## मुख्य अतिथि जिलाधिकारी जसजीत कौर ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

**दैनिक बुलंद मंज़िल /मौहम्मद फैजान**

**चांदपुर।** गुरुवार को शिक्षा और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। आभा फाउंडेशन द्वारा फादर्सन पब्लिक स्कूल में निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी जसजीत कौर मौजूद रहीं।कार्यक्रम में आभा फाउंडेशन की संस्थापिका आभा सिंह के नेतृत्व में कुल 500 छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे, वहीं उनके अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की। इस मौके पर जिलाधिकारी






जसजीत कौर ने अपने संबोधन में कहा कि साइकिल केवल एक साधन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और आगे बढ़ने का एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि अब उन्हें स्कूल, कॉलेज या ट्यूशन जाने के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। साइकिल उन्हें स्वतंत्रता का एहसास कराएगी और उनके भीतर आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगी। उन्होंने छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने सपनों को साकार करने और परिवार व समाज का नाम रोशन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के विधायक स्वामी ओमवेश, भाजपा नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह, एआईएसएफ गजेंद्र सिंह, रालोद नेता वीरेंद्र सिंह सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। बड़ी संख्या में छात्राएं, उनके अभिभावक और स्थानीय नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए।कार्यक्रम का समापन उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के साथ हुआ। यह पहल न केवल छात्राओं की शिक्षा को बढ़ावा देगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी प्रेरित करेगी।

# हमें अपने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का किसी की भी जानिब से अपमान बर्दाश्त नहीं : मौलाना डॉ. फुरकान

**दैनिक बुलंद मंजिल फहीम अख्तर**

**बिजनौर।** बिहार के रहने वाले मौलाना अब्दुल्ला सालिम की गिरफ्तारी पर मौलाना डॉ. फुरकान बिजनौरी ने अपने बयान में कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि मौलाना अब्दुल्ला सालिम को उत्तर प्रदेश की स्पेशल टास्क फोर्स (यूपी एसटीएफ) ने सोमवार देर शाम बिहार के पूर्णिया जिले से गिरफ्तार कर के जेल भेज दिया है। जिन्होंने हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की माता पर आपत्तिजनक बयान दिया था। ऐसे फसाद फैलाने वालों को कानूनी सजा जरूर मिलनी चाहिए ताकि कोई दूसरा इस तरह की गलती ना कर सके। इस्लाम धर्म हमेशा बड़ों के एहतराम और अमन शांति और भाईचारे का पैगाम देता है। अब्दुल्ला सालिम ने इस्लामी तालिमात को अच्छी तरह समझा ही नहीं। अगर उन्होंने इस्लामी तालिमात को अच्छी तरह समझा होता तो वो ऐसा जाहिलाना, जालिमाना और फितना फसाद



फैलाने वाला बयान हरगिज ना देते। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रति अभद्र टिप्पणी या उनकी माता जी के बारे में अपमानजनक शब्दों का प्रयोग हम हरगिज बर्दाश्त नहीं कर सकते। हम अपने मुख्यमंत्री जी से मांग करते हैं कि सोशल मीडिया या सार्वजनिक मंचों पर नफरत भरी भाषा का इस्तेमाल करने वालों पर सख़्त से सख़्त कानूनी कारवाही की जानी चाहिए ताकि कोई भी इस तरह की जाहिलाना, जालिमाना और फितना फसाद फैलाने वाला बयान ना दे सके। आपका भाई मौलाना डॉक्टर फुरकान बिजनौरी।

# बेटियों को मिली उड़ान : 500 साइकिलों ने बदली राह, चांदपुर-स्याऊ में गूंजा महिला सशक्तिकरण का संदेश

**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर/स्याऊ ।** गुरुवार को चांदपुर-स्याऊ क्षेत्र में शिक्षा और महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देने वाली एक सराहनीय पहल देखने को मिली। आभा फाउंडेशन द्वारा फादरसन पब्लिक स्कूल में आयोजित भव्य निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम ने क्षेत्र में उत्साह का माहौल पैदा कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शिरकत की। आभा फाउंडेशन की संस्थापिका आभा सिंह के नेतृत्व में कुल 500 छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। साइकिल पाते ही छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे, मानो उनके सपनों को पंख लग गए हों। वहीं अभिभावकों ने इस पहल को बेटियों के भविष्य के लिए मील का पत्थर बताया। अपने







प्रेरणादायक संबोधन में जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि ह्लसाइकिल सिर्फ एक साधन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की कुंजी है।ह्व उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब उन्हें स्कूल, कॉलेज या कोचिंग जाने के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। यह पहल उनके भीतर स्वतंत्रता का भाव जगाएगी और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने सपनों को साकार करने और परिवार व समाज का नाम रोशन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के विधायक स्वामी ओमवेश, भाजपा नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह, एबीएसए गजेन्द्र सिंह, रालोद नेता वीरेंद्र सिंह सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएं, उनके अभिभावक और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे, जिससे आयोजन स्थल पर उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा। असर दूरगामी यह पहल न केवल छात्राओं की शिक्षा को गति देगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी मजबूती प्रदान करेगी। चांदपुर-स्याऊ में इस तरह के प्रयास महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनते नजर आ रहे हैं।

# गेट मैंन की लापरवाही से मुड़ा रेलवे फाटक का बूम, लगा लंबा जाम

**दैनिक बुलंद मंजिल यासिर शम्सी।**

**नगीना।** बिजनौर कोतवाली देहात मार्ग स्थित चित्तौड़गढ़ चौकी के निकट स्थित रेलवे फाटक संख्या 471 बी पर उस समय अफरा तफरी का माहौल हो गया,जब रेलवे गेटमैन की जल्दबाजी में बंद किए जा रहे डबल फाटक का बूम एक ई-रिक्शा से मामूली रूप से टकराकर मुड़ गया। इस घटना के बाद मार्ग पर फाटक के दोनों ओर लंबा जाम लग गया जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित हो गया।गौर तलब है कि रेलवे फाटक नगीना बिजनौर मार्ग का एक बेहद व्यस्त फाटक है,जहां 24 घंटे के भीतर कई बार ट्रेनों के आवागमन के



चलते फाटक को दिन में कई बार बंद किया जाता है।ऐसे में यहां अक्सर वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिलती हैं। गुरुवार की दोपहर जब गेटमैन जल्दबाजी में रेलवे फाटक बंद कर रहा था,तभी फाटक से गुजर रही एक ई-रिक्शा से फाटक का बूम मामूली सा टकरा गया और बूम कागज की तरह मुड़ गया,जिससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी लाइनें लग गई और यातायात बाधित हो गया।घटना के बाद मौके पर मौजूद रेलवे कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए फाटक को ठीक किया,जिसके बाद जाम खुल सका और यातायात दोबारा सुचारू हो पाया। बरहाल गनीमत रही कि इस घटना में कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ,लेकिन सवाल ये जरूर उठता है कि इतने व्यस्त रेलवे फाटक पर सुरक्षा मानकों का कितना ध्यान रखा जा रहा है।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य भंडारे का आयोजन, हजारों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**बिजनौर/नूरपुर।** ग्राम रोशनपुर जागीर (निकट बिजली घर) स्थित श्री हनुमान सिद्ध पीठ पर श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर 15वें विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के साथ-साथ दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंचे और हनुमान जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरूआत विधि-विधान से पूजा-अर्चना और हनुमान चालीसा के पाठ के साथ हुई। पूरे परिसर में भक्ति भाव का माहौल बना रहा और जयकारों से वातावरण गूंज उठा। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति के सदस्यों और स्थानीय





श्रद्धालुओं ने मिलकर भंडारे की व्यवस्था संभाली। सभी भक्तों के लिए साफ-सफाई, पेयजल और बैठने की उचित व्यवस्था की गई थी। आयोजन शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस मौके पर पवन कुमार ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, भाईचारा और सेवा भाव की भावना मजबूत होती है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी तरह के आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे।आयोजकों ने बताया कि यह भंडारा हर वर्ष श्रद्धा और सेवा भाव के साथ आयोजित किया जाता है, जिसमें क्षेत्र के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

# मिशन शक्ति 5.0 में गूंजा नारी सम्मान का बिगुल

## चांदपुर स्याऊ के कॉलेज में छात्राओं ने दिखाई शक्ति, काव्य पाठ से दिया सशक्त संदेश






**दैनिक बुलंद मंजिल**
**नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर/स्याऊ**। गुरुवार को चांदपुर स्याऊ स्थित गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज में ह्यमिशन शक्ति 5.0 (चरण-2) के तहत महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की छात्र एवं छात्रा इकाइयों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम ने पूरे परिसर को जागरूकता और उत्साह से भर दिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी मोहम्मद आरिफ के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण छात्राओं द्वारा प्रस्तुत ह्यमहिला सशक्तिकरणह्ल विषय पर काव्य पाठ रहा, जिसमें उन्होंने नारी शक्ति, आत्मसम्मान और अधिकारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। काव्य की पंक्तियों ने उपस्थित सभी को भावुक और प्रेरित कर दिया। महाविद्यालय के अकादमिक डायरेक्टर प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी समाज की प्रगति महिलाओं की भागीदारी के बिना अधूरी है। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, शिक्षा को प्राथमिकता देने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान कुमारी श्रद्धा वत्स, मुबशशरा नाज और नायला हसन ने भी अपने विचार साझा किए। श्रद्धा वत्स ने कहा, ह्लमहिलाओं का सशक्त होना ही देश की असली प्रगति का आधार है।ह्व उनके विचारों ने कार्यक्रम को नई ऊर्जा प्रदान की। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर दिनेश सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर मोहम्मद सुलेमान, इतिहास विभाग के प्रवक्ता गौतम सिंह सहित अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे, जिससे माहौल पूरी तरह जागरूकता और जोश से सराबोर रहा।

**सशक्त संदेश के साथ समापन**

कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ हुआ। यह आयोजन न केवल छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक साबित हुआ, बल्कि समाज में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत संदेश भी छोड़ गया।

# शेखपुरा में गूंजेगा भक्ति का जयघोष हनुमान मंदिर में मूर्ति स्थापना से पहले विशेष पूजन, 6 अप्रैल को भव्य भंडारा





**दैनिक बुलंद मंजिल**
**नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर**। चांदपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम शेखपुरा में धार्मिक आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। यहां स्थित हनुमान मंदिर में भगवान हनुमान की मूर्ति स्थापना को लेकर विशेष धार्मिक अनुष्ठान की शुरूआत की गई है। गुरुवार को विधि-विधान के साथ मूर्ति पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बताया गया कि यह पूजन कार्यक्रम लगातार पांच दिनों तक चलेगा, जिसके उपरांत विधिवत मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ भगवान हनुमान की मूर्ति की स्थापना की जाएगी। इस धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे गांव में उत्साह का माहौल है। ग्रामवासी एकजुट होकर इस आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत 6 अप्रैल को भव्य भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें समस्त ग्रामवासियों के सहयोग और समर्थन से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भंडारे का धर्म लाभ उठाएं और इस पुण्य कार्य में सहभागी बनें। आस्था, एकता और सेवा का संगमयह आयोजन न केवल धार्मिक भावना को मजबूत कर रहा है, बल्कि गांव में आपसी भाईचारे और एकता का संदेश भी दे रहा है।

# पालिका में जाम व अतिक्रमण की समस्या पर हुई बैठक, व्यापार मंडल के साथ समाधान पर मंथन




**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**मौहम्मद फैजान**

**बिजनौर/नूरपुर**। नगरपालिका परिषद में नगर के मुख्य बाजार में लगने वाले जाम और बढ़ते अतिक्रमण को लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में यातायात व्यवस्था सुधारने और अतिक्रमण हटाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। यह बैठक धामपुर चौराहे से शिव मंदिर चौराहे तक के क्षेत्र में जाम की समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से बुलाई गई थी, जिसमें व्यापार मंडल, ठेले-खोमचे वाले, फड़ विक्रेता तथा स्थानीय दुकानदार भी शामिल हुए।नगर पालिका के शहीद भगत सिंह सभागार में आयोजित बैठक में पालिका अध्यक्ष डॉ. एमपी सिंह ने कहा कि बिजनौर चौराहे से शिव मंदिर चौराहे तक का मुख्य मार्ग अतिक्रमण के कारण प्रभावित हो रहा है। उन्होंने व्यापारियों और सड़क किनारे ठेले व फड़ लगाने वालों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि नगर की साफ-सफाई, सुंदरता और यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। अधिशासी अधिकारी संतोष मिश्रा ने सड़क किनारे नालों पर हो रहे अवैध अतिक्रमण पर चिंता जताई। अध्यक्ष और ईओ दोनों ने इस समस्या के स्थायी समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में बुधवार बाजार में खाली पड़ी जगह के उपयोग पर भी विचार किया गया। प्रस्ताव के अनुसार, वहां खड़े चार पहिया वाहनों को हटाकर ठेले और खोमचे वालों को व्यवस्थित रूप से खड़ा किया जाएगा, जिससे एक सुव्यवस्थित स्ट्रीट जोन बनाया जा सके।इस अवसर पर निकाय बोर्ड के सदस्य रणवीर सिंह, मुकेश भंडारिया, गुरनाम सिंह, व्यापार मंडल के रविंद्र सिंह, तसलीम अहमद इदरीसी, मोहम्मद असलम तथा खोमचे वालों के प्रतिनिधि दिलशाद, सलीमुद्दीन, मोहम्मद अनस, असलम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# चांदपुर में ई-रिक्शा एजेंसी में पार्टनरशिप का झांसा देकर 9 लाख की ठगी, पैसे मांगे तो मिली धमकियां




**दैनिक बुलंद मंजिल**
**नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर**। चांदपुर क्षेत्र में ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां ई-रिक्शा एजेंसी में साझेदारी का लालच देकर एक व्यक्ति से करीब 9 लाख रुपये ठग लिए गए। इतना ही नहीं, जब पीड़ित ने अपनी रकम वापस मांगी तो उसे धमकियां तक दिलवाई गईं। मामले के सामने आने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला सरायरफी निवासी ओमपाल सिंह पुत्र खजान सिंह ने चांदपुर के ही दो व्यक्तियों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने उसे ई-रिक्शा एजेंसी में पार्टनर बनाने और अच्छी कमाई का सपना दिखाकर अपने झांसे में ले लिया। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने उससे पहले 5 लाख रुपये का चेक लिया और बाद में अलग-अलग ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के माध्यम से कुल 9 लाख रुपये ऐंठ लिए। कुछ समय तक तो आरोपी उसे मुनाफे का भरोसा देते रहे, लेकिन जब पीड़ित ने पैसे और हिसाब की मांग की, तो वे लगातार टालमटोल करने लगे। पीड़ित का आरोप है कि जब उसने ज्यादा दबाव बनाया तो आरोपियों ने उसे डराने-धमकाने का सहारा लिया, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हो गया। इसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर जल्द ही उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**बढ़ते ठगी के मामलों से सतर्क रहने की जरूरत**

इस घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि निवेश या साझेदारी के नाम पर लोगों को ठगने वाले सक्रिय हैं। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार का आर्थिक लेन-देन या साझेदारी करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल अवश्य करें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# अधिवक्ता के घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ का आरोप

**दैनिक बुलंद मंजिल**
**हरीश कुमार**

**ठाकुरद्वारा**। नगर क्षेत्र में दबंगों द्वारा अधिवक्ता के घर में घुसकर गाली-गलौज, धमकी और तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़ित अधिवक्ता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। नगर के पीपल टोला निवासी अधिवक्ता शर्वेन्द्र शर्मा उर्फ साजन शर्मा ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 29 मार्च को वह करनपुर स्थित एक कार्यक्रम में गए हुए थे। इसी दौरान दोपहर करीब 12 बजे पड़ोस में रहने वाले तीन लोग जबरन उनके घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने घर में मौजूद उनकी पत्नी और सास के साथ गाली-गलौज की तथा उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, घर में रखे सामान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पीड़ित अधिवक्ता का कहना है कि घटना के बाद से उनका परिवार भयभीत है और आरोपियों से जान-माल का खतरा बना हुआ है। उन्होंने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने घटना से संबंधित मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराए हैं और प्रशासन से शीघ्र न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

# श्रीराम कॉलोनी में बड़ा हादसा टला गली नंबर-3 में ABC लाइन टूटकर गिरी, मचा हड़कंप





**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर**। चांदपुर नगर की श्रीराम कॉलोनी स्थित गली नंबर-3 में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब अचानक एबीसी (एरियल बंच केबल) लाइन टूटकर सड़क पर गिर गई। गनीमत रही कि घटना के समय कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, अन्यथा गंभीर जान-माल का नुकसान हो सकता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अचानक तेज आवाज के साथ बिजली की लाइन नीचे आ गिरी, जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय निवासियों ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए लोगों को उस स्थान से दूर रहने की चेतावनी दी और बच्चों को घरों के अंदर भेज दिया। घटना के बाद इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। खासकर गर्मी के मौसम में बिजली कटने से लोगों में आक्रोश भी देखने को मिला। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में जर्जर हो चुकी बिजली लाइनें लंबे समय से हादसे को न्योता दे रही हैं, लेकिन संबंधित विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। कई बार शिकायत के बावजूद भी सुधार कार्य नहीं कराया गया। सूचना मिलते ही बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लाइन को ठीक करने का कार्य शुरू कर दिया। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

**बड़ा सवाल : कब जागेगा विभाग**

इस घटना ने एक बार फिर बिजली व्यवस्था की लापरवाही को उजागर कर दिया है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि क्षेत्र की सभी जर्जर लाइनों को जल्द से जल्द बदला जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# डिलारी .में पति ने पत्नि को अधमरा कर घर से निकाला

**दैनिक बुलंद मंजिल**
**हरीश कुमार**

**ठाकुरद्वारा (डिलारी)**। थाना डिलारी क्षेत्र के गांव कुआं खेड़ा माफी में घरेलू विवाद ने खतरनाक रूप ले लिया, जहां एक पति ने अपनी ही पत्नी को बेरहमी से पीटकर अधमरा कर दिया और घर से बाहर निकाल दिया। गंभीर हालत में महिला को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जा रहा है कि गांव निवासी शहजाद और उसकी पत्नी अफसाना के बीच निकाह के बाद से ही अनबन चल रही थी। छोटे-छोटे झगड़े अक्सर होते रहते थे, लेकिन मंगलवार शाम को विवाद अचानक बढ़ गया। आरोप है कि गुस्से में आए शहजाद ने अफसाना को गालियां देते हुए लाठी-डंडों और लात-घूसों से बुरी तरह पीट दिया। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह उसे बचाया। तब तक वह गंभीर रूप से घायल हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर पीड़िता के मायके वाले गांव पहुंचे और उसे लेकर थाना डिलारी पहुंचे। अफसाना ने अपने पति शहजाद के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए घायल महिला को तुरंत अस्पताल भेजा और मेडिकल जांच कराई। थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# कलक्ट्रेट सभागार में जनगणना को लेकर अहम बैठक, डीएम ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश






**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**मौहम्मद फैजान**

**बिजनौर**। कलक्ट्रेट सभागार में जनगणना कार्यों की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना प्रक्रिया को सुचारु, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों को नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए, ताकि कार्यों का समन्वय बेहतर ढंग से किया जा सके और प्रत्येक स्तर पर जिम्मेदारी तय रहे। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि अध्यापकों एवं महिला कर्मचारियों की ड्यूटी यथासंभव उनके कार्यक्षेत्र में ही लगाई जाए, जिससे उन्हें कार्य निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा न हो और कार्य की गुणवत्ता बनी रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और जनगणना से संबंधित प्रशिक्षण एवं अन्य व्यवस्थाओं को समय रहते पूर्ण कर लिया जाए।इस दौरान अपर जिलाधिकारी वान्या सिंह, धामपुर उपजिलाधिकारी (एसडीएम) स्मृति मिश्रा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जनगणना कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ करें, ताकि जनगणना कार्य निर्धारित समय सीमा में सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा सके।

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा, चेयरमैन चौधरी रवि सिंह व अशोक कटारिया ने किया शुभारंभ



**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**मौहम्मद फैजान**

**धामपुर**। श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल देखने को मिला और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह नजर आया।शोभायात्रा का शुभारंभ धामपुर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह व पूर्व परिवहन मंत्री अशोक कटारिया ने विधि-विधान से नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोग, युवा, महिलाएं एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।शोभायात्रा में भगवान हनुमान जी की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं, वहीं ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के साथ श्रद्धालु झूमते नजर आए। पूरे नगर में जय श्री राम और बजरंगबली के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।कार्यक्रम के अंत में सभी ने बजरंगबली महाराज से क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।

# बंजरिया गांव में सड़क बनी जानलेवा दबंगों की दबंगई से बढ़ी परेशानी महिला गंभीर रूप से घायल





**दैनिक बुलंद मंज़िल / हीरालाल प्रजापति**

जिला बदायूं के थाना क्षेत्र बिसौली अंतर्गत ग्राम बंजरिया में सड़क की बदहाली अब बेहद गंभीर और खतरनाक स्थिति में पहुंच चुकी है। गांव की मुख्य सड़क पूरी तरह जर्जर है और जगह जगह गड्ढों में भरे गंदे पानी ने इसे जानलेवा बना दिया है।

ग्रामीणों के अनुसार सड़क के किनारे बना पानी निकासी का नाला गांव के कुछ दबंग लोगों द्वारा जबरन बंद कर दिया गया है जिसके कारण पानी सड़क पर ही जमा हो रहा है। जब भी ग्रामीण नाले को खोलने की कोशिश करते हैं तो दबंग लोग लाठी डंडे लेकर पहुंच जाते हैं और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। इतना ही नहीं वे अपनी दबंगई के बल पर महिलाओं के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गंदी गंदी गालियां भी देते हैं जिससे गांव में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है। आज सुबह एक बड़ा हादसा भी सामने आया जब एक महिला खराब रास्ते और पानी भरे गड्ढों के कारण संतुलन खो बैठी और सामने से आ रही मोटरसाइकिल से टकरा गई। इस दुर्घटना में महिला को गंभीर चोटें आई हैं जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस स्थान पर आए दिन लोग और मोटरसाइकिल सवार गिरकर चोटिल होते रहते हैं लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर ग्राम प्रधान स्थानीय विधायक एवं एसडीएम से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन हैरानी की बात है कि आज तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया। प्रशासनिक लापरवाही और दबंगों के हौसले के चलते गांववासी खुद को असहाय और असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। गांव के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल नाले को खुलवाकर पानी निकासी की व्यवस्था की जाए और दबंगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि गांव में शांति और सुरक्षा बहाल हो सके। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन समय रहते इस गंभीर समस्या का समाधान करेगा या फिर किसी और बड़े हादसे का इंतजार किया जाएगा।

# हज जाने वाले यात्री अपनी तैयारी शुरू कर दें : तकी अशरफ एडवोकेट

**दैनिक बुलन्द मंज़िल /( जानेआलम तुर्की )**

**सम्भलः**-गुरुवार को हज कमेटी ऑफ उत्तर प्रदेश तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सम्भल द्वारा गठित हज ई सुविधा केन्द्र, हज सेन्टर मरकजी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम, तेल मण्डी सम्भल में गुरुवार को हज यात्रियों के लिए एक कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प की शुरूआत सुबह 09:30 बजे कुरआने पाक की तिलावत से कारी सलमान अशरफी ने की। उसके बाद तकी अशरफ एडवोकेट ने नाते पाक पेश की। मुफ़्ती आलम नूरी ने हज यात्रियों को हज के सफर के बारे में बताया, सब्र के साथ सारे अरकान अदा करने हैं, मक्का और मदीना शरीफ के बारे में जानकारी दी, वहाँ लोगों को आने वाली परेशानियों के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि सभी लोग आराम से अरकान अदा करें, घबराएं नहीं और एक दूसरे की मदद करते रहें।




हज ट्रेनर तकी अशरफ एडवोकेट ने हज यात्रा में ले जाने वाले सामान और बैग के बारे में बताया, उसके बाद एयरपोर्ट पर किस टाइम पहुँचना है और किस तरह जाँच होगी, सामान में क्या लेकर जाना है, एयरपोर्ट पर कौन से कागज हाथ में रखने हैं, हवाई जहाज में क्या ओर कैसे करना है, वहां उतर कर, और वहाँ से वापसी में सामान, बैग, एयरपोर्ट, हवाई जहाज, जमजम पानी और निकासी के बारे में विस्तार से समझाया।

जिला हज ट्रेनर अब्दुल खालिक ने बताया कि हज कमेटी का हज सुविधा एप के जरिए आप हज में अपना फायदा उठा सकते हैं, नुसुक एप के जरिए रियाजुल जन्नत की अपॉइंटमेंट ले सकते हैं, वीजा ईमेल पर आ गए हैं डाऊनलोड कर लें अगर नहीं आए हैं तो यहाँ आकर डाऊनलोड करा लें, कुरबानी हज कमेटी की तरफ से करें, यहाँ हज कमेटी का सेन्टर है यहां आपका सारा काम होगा। हज ट्रेनर हाजी नदीम ने हज यात्रियों के फॉर्म भरकर सिग्नेचर कराए। बताया कि हैल्थ एंव टीका सर्टिफिकेट 11 अप्रैल को मिलेंगे । हज ट्रेनर मुहम्मद अहमद रजा ने स्क्रीन और लैपटॉप के जरिए हज यात्रियों की मदद की। बताया कि 11 अप्रैल को तरबियती कैंप लगेगा जिसमें हज के बारे में सिखाया जाएगा। हज ट्रेनर उम्मे हबीबा लेडीज के लिए उनको मसले मसाइल बताने के लिए मौजूद रहीं। इस दौरान कारी तनजीम अशरफ, हाजी जफीर अहमद एंव अन्य लोग मौजूद रहे।

# किसान जैविक खेती अपनाकर अपनी आमदनी बढ़ाएं

## रसायन मुक्त फसल उत्पाद पैदा कर ज्यादा लाभ अर्जित करें

**दैनिक बुलंद मंज़िल बीरेंद्र सिंह/सिंहपुसानी** । संभल विकासखंड क्षेत्र के गांव सिंहपुर सानी में स्थित एसजी रिसोर्ट में भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओ द्वारा एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य एवं दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह डागर ने भाग लेते हुए कार्यकर्ताओं से जिले के सभी ब्लॉकों के 1044 गांवों में सदस्यता अभियान चलाने और ग्राम समितियों के विस्तार का आवाहन किया।मुख्य अतिथि हरपाल सिंह डागर ने कहा कि सम्भल जनपद पूरे मेरठ प्रांत में किसान हितों के कार्यों और सर्वाधिक सदस्यता वृद्धि के लिए अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। संगठन की शक्ति ही किसानों की समस्याओं के समाधान का एकमात्र मार्ग है। किसान समूह के रूप में संगठित होकर जैविक उत्पाद पैदा करें और अपनी उत्पादों का अधिक मूल्य अर्जित करके अपने आप को समृद्ध बनाए।सुनील कुमार प्रांत संगठन मंत्री ने कार्यकताओं को संगठन की मजबूती और सदस्यता बढ़ाने के गुर सिखाए। प्रांत उपाध्यक्ष नरेंद्र चौधरी संगठन की रीति-नीति और आगामी स्वर्ण जयंती वर्ष के कार्यक्रमों की रूपरेखा पेश की।जुगनेश राघव (प्रांत जैविक प्रमुख): उन्होंने किसानों को रसायनों को त्यागकर जैविक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया और इसके दूरगामी लाभों की जानकारी दी।गोष्ठी के दौरान जिले भर से आए किसानों ने अपनी सामूहिक समस्याएं अतिथियों के समक्ष रखीं। पदाधिकारियों ने स्थानीय समस्याओं के लिए समाधान की रणनीति समझाई और प्रदेश स्तरीय मुद्दों को उच्च स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाने का ठोस आश्वासन दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महिपाल सिंह यादव व संचालन नवनीत सैनी द्वारा किया गया। इस दौरान विभाग संगठन मंत्री रमेश खटाना, जिला मंत्री भूपेंद्र सारस्वत, जिला कोषाध्यक्ष मनदीप सिंह, राघवेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह, कपिल चौधरी, हिमांशु त्यागी, रिंकू वर्मा, सोनू पाल, दीपक शर्मा, किशनपाल, दीप भारद्वाज, पिंटू, राजीव रावत, दानवीर, देवराज सिंह, गौरव चौधरी, अतुल चौधरी आदि मौजूद रहे।





# हनुमान जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

## जयकारों से गूंज उठा गांव, माहौल हुआ भक्तिमय

**दैनिक बुलंद मंज़िल बीरेंद्र सिंह/सिंहपुसानी**। संभल जनपद के थाना नखासा क्षेत्र के गांव चमरोआ में हनुमान जयंती का पर्व इस वर्ष बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। पूरे गांव में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। एक बालक को भगवान हनुमान के रूप में सजाया गया था। उसे पारंपरिक बजरंगी वस्त्र पहनाते हुए हाथ में गदा थमाई गई थी। हनुमान स्वरूप को घोड़ा-बग्गी पर बैठाकर पूरे गांव में घुमाया गया, जिसे देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूल



बरसाकर शोभायात्रा का स्वागत किया।यात्रा के दौरान डीजे की धुनों पर बज रहे भक्ति गीतों ने माहौल को और भी भक्ति मय बना दिया। युवाओं और बच्चों ने जमकर नृत्य किया और ‟जय श्री राम‟ व ‟बजरंगबली की जय‟ के जयकारों से पूरा गांव गूंज उठा।गांव के बुजुर्गों और आयोजकों ने बताया कि हनुमान जयंती का यह आयोजन हर साल किया जाता है, लेकिन इस बार लोगों में खास उत्साह देखने को मिला। उन्होंने प्रशासन का भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे।इस दौरान सुशील राठी, कुलदीप शर्मा, गजेंद्र भाटी, कामेंद्र चौधरी, सतीश गुप्ता, बिट्टन शर्मा, सुरेंद्र सिंह भाटी, विनोद शर्मा कुलदीप शर्मा, ऋषि पाल जाटव, बृजपाल जाटव, सोमपाल कश्यप, चंद्रपाल जाटव, छोटे जाट, ब्रह्मपाल सैनी, नरेश सैनी रामावतार सैनी आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# संभल गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण के लिए लिखे पत्र

**दैनिक बुलंद मंज़िल बीरेंद्र सिंह/सिंहपुसानी** । संभल गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के अंतर्गत श्री संतोष पुरी सन्यास आश्रम अट्टा, अतोरा, असमोली के महंत व जूना अखाडा के राष्ट्रीय सचिव डॉ करण पुरी जी महाराज ने आश्रम पर प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर मेल करते हुए रेल बजट मंजूर किए जाने की मांग की।इस दौरान बोलते हुए आश्रम के महंत डॉ करण पुरी जी महाराज ने कहां की संभल गजरौला रेल लाइन विस्तारिकरण की मांग जनहित मे है यह मांग लगभग 5 दशक पुरानी है। संभल में देश व प्रदेश के अन्य हिस्सों से साधु संतों का



आना-जाना लगा रहता है। यह मांग पूर्ण होने से साधु संत को काफी लाभ होगा,समय और धन की बबार्दी नहीं होगी। क्षेत्र का सर्वाधिक विकास होगा।आगे बोलते हुए चौ रविराज चाहल ने कहा कि संभल में गंगा एक्सप्रेस वे के पास औद्योगिक नगरी की स्थापना की जा रही है। माल के लाने ले जाने के लिए अच्छी रेल सुविधा का होना बहुत आवश्यक है। संभल में आलू उद्योग, मेंथा उद्योग का भी ठीक से विकास हो सकेगा।देश व प्रदेश के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं को भी भारी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। कैलाश सिंह ने कहा कि संभल एक ऐतिहासिक नगर है। महाराजा पृथ्वीराज चौहान की राजधानी रहा है और मेंथा मंडी के रूप में भी जाना जाता है। क्षेत्र का किसान भी कम खर्चे में अपने अपने उत्पादों को दूसरे शहरों में आसानी से बेच सकता हैं। दुष्यंत शास्त्री ने कहा कि संभल श्री कल्कि भक्तो के आस्था का केंद्र है। देश व विदेश तक के हिंदू भक्त यहां पर आते हैं, और मासिक परिक्रमा में हिस्सा लेते हैं, लेकिन रेल लाइन की सही सुविधा न होने के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अंत में पुनः बोलते हुए चौ रविराज चाहल ने कहा कि संभल गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग को लेकर हम लगातार साधु संतों के द्वारा भी पत्र लिखवा कर भिजवाए जा रहे हैं।इस दौरान चौ रविराज चाहल, आदेश कुमार, कैलाश सिंह, दुष्यंत शास्त्री, राजकुमार शर्मा,बिपिन कुमार,आदि रहे।

# कादराबाद में धूमधाम से निकली हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा, जयकारों से गुंजायमान हुआ क्षेत्र

**दैनिक बुलंद मंज़िल / संवाददाता रामौतार शर्मा**

**सम्भल/कादराबाद**। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के तत्वावधान में गुरुवार को कादराबाद में 9वें हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई इस शोभायात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की, जिससे पूरा क्षेत्र 'जय श्री राम' और 'जय हनुमान' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा।?धार्मिक अनुष्ठान के साथ हुई शुरूआत?शोभायात्रा का शुभारंभ स्थानीय श्री संकट मोचन हनुमान गढ़ी मन्दिर से विधि-विधान से पूजा-अर्चना के



बाद किया गया। इस अवसर पर भगवान हनुमान और प्रभु श्री राम की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

प्रमुख जनों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभाग सह सत्संग प्रमुख रमाकांत पुरी महाराज जी, जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता, जिला संगठन मंत्री मोहित और जिला पंचायत प्रमुख रामौतार शर्मा उपस्थित रहे। उनके साथ ही स्थानीय गणमान्य नागरिकों में महेंद्र पाल वर्मा, रवि पंडा, प्रेम गिरी गोस्वामी, चिंटू गुप्ता, मोनू यादव, तरुण वर्मा, संजीव शर्मा, सुधाकर शर्मा, पान सिंह कश्यप और राकेश गिरी गोस्वामी ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। संगठन की एकजुटता का संदेश?आयोजकों ने बताया कि यह 9वीं शोभायात्रा समाज में एकता और धर्म के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और समस्त भक्तगणों के सहयोग से संपन्न हुई इस यात्रा में सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम देखे गए।?यात्रा के समापन पर मंदिर परिसर में विशेष आरती और प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ उठाया।

# खलीलपुर में गूंजे बजरंग बली के जयकारे, धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव

## चामुंडा माता मंदिर पर 10 वर्षों से अनवरत हो रहा सुंदरकांड, सजावट और आतिशबाजी ने मोहा मन

**दैनिक बुलंद मंज़िल / संवाददाता रामौतार शर्मा**

**संभल/थाना** धनारी क्षेत्र के ग्राम खलीलपुर स्थित चामुंडा माता मंदिर में चैत्र मास की पूर्णिमा के अवसर पर हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया व विशेष पूजा-अर्चना की गई। विशेष बात यह है कि इस मंदिर पर पिछले 10 वर्षों से प्रत्येक शनिवार को सुंदरकांड का पाठ अनवरत रूप से किया जा रहा है। भक्तिमय हुआ वातावरण गुरुवार शाम को आयोजित इस कार्यक्रम में सबसे पहले हनुमान जी का




जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान हुई भव्य आतिशबाजी ने ग्रामीणों का मन मोह लिया। जन्मोत्सव के उपरांत सुंदरकांड का भावपूर्ण पाठ किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। पाठ की समाप्ति पर श्रद्धालुओं ने 'जय श्री राम' व 'बजरंग बली की जय' के गगनभेदी नारे लगाए, जिससे क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। क्षेत्र के गणमान्य लोग रहे मौजूद इस धार्मिक अनुष्ठान में मुख्य रूप से मंदिर के कार्यकर्ता प्रदीप गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद के जिला प्रचार प्रमुख रामौतार शर्मा, चंद्रवीर राघव व शीशपाल शर्मा उपस्थित रहे। इनके साथ ही मुन्ना लाल, पूरन, आशाराम शर्मा, हरिशंकर गुप्ता, देवपाल गुप्ता, दिनेश चंद शर्मा, रामकुमार शर्मा, उदयवीर कुशवाहा, दिनेश गुप्ता, हुकुम सिंह यादव, नेत्रपाल यादव, वीरपाल शर्मा सहित समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

# आंध्रप्रदेश में तीरंदाजी प्रतियोगिता में संभल के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

## अपनी कला कौशल से जनपद का नाम रोशन किया

**दैनिक बुलंद मंज़िल बीरेंद्र सिंह/सिंहपुसानी**। आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा में राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के संभल जिले में स्थित सम्भल आर्चरी एकेडमी के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग करते हुए अच्छा प्रदर्शन करके जिले के साथ साथ प्रदेश का भी नाम रोशन किया। आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा में राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। तीरंदाजी प्रतियोगिता में जिले के विकासखंड संभल क्षेत्र के गांव सिंहपुरसानी में स्थित सम्भल आर्चरी एकेडमी के खिलाड़ियों ने भी प्रतिभाग किया



था। तीरंदाजी प्रतियोगिता में वर्ग दस में नैतिक चाहल,मन्निद्रजीत सिंह धनौवा और आदित्यराज ने अच्छा प्रदर्शन किया। इसी के साथ वर्ग तेरह में रुद्र लोचव,परीक्षार्थ ने भी विजयवाडा में अपना परचम लहराकर प्रदेश व जिले का नाम रोशन किया। बुधवार को तीरंदाजी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करके एकेडमी पहुंचे खिलाड़ियों का कोच वरुण चौधरी व उनके परिवार वालों ने स्वागत किया। इसी के साथ कोच वरुण चौधरी ने बताया कि गांव सिंहपुरसानी में स्थित खेल में मैदान में खिलाड़ियों को प्रैक्टिस कराते हुए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि मैदान में अन्य युवा व किशोर भी आकर अलग खेल खेलते हैं। जिसकी वजह से तीरंदाजी का अभ्यास कराने में परेशानी का सामना करना पड़ा है क्योंकि लक्ष्य को भेदते हुए धनुष से निकला तीर पार हो गया तो हादसा हो सकता है। गांव शरीफपुर में खाली हुई गौशाला की जमीन में जिलाधिकारी डॉक्टर राजेंद्र पैंसिया से मिलकर खेल मैदान बनाने की मांग की है।बताया कि जिस पर डीएम ने जल्द ही खेल मैदान बनवाने का आश्वासन दिया है।

# Institutions Over Intimidation: SIR as a Pillar of Electoral Integrity in West Bengal



**Akshay Bansal**
Member, BJPYM, NEC

In a recent hearing on the SIR exercise in West Bengal, a Bench of Chief Justice Surya Kant remarked that he had read an article about the exercise across the country. "Apart from West Bengal, everywhere it happened smoothly," quoted Kant. This was projected as the so-called final arrow by Mamata Banerjee has ultimately backfired, failing in its attempt to create a Delhi vs West Bengal narrative by the supreme court of india. But why SIR process remains friction in Bengal? It is mainly due to two reasons exclusion & inclusion error but in the case of west Bengal there is inclusion error rather than exclusion error. The study, titled 'Demographic Reconstruction of Legitimate Voter Counts: Study from Electoral Roll Inflation in the Indian State of West Bengal,' estimates the voter list in Bengal is inflated by at least 13.69 per cent, with 1.04 crore excess voters.

Former State Chief Electoral Officer of Bengal and Rajya Sabha MP Jawhar Sircar has questioned the credibility of the voter data, noting, "If we take the population growth of Bengal in these 20 years, the increase in the number of electors cannot be more than 6 crore. The present total voters of 7.62 crore voters is suspected". Only political argument against the exercise was 61 lakh people were excluded and BJP want to cut bengali as to win election but what about Uttar Pradesh does this argument fit for Uttar Pradesh too? Where approximately 2.8 crore names were removed from the rolls, representing 18.7 per cent of the total electorate highest in any state also it must be noted that in some states voter numbers had also increased after the exercise.

